CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 15° C

देहरादून, रविवार 8 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 209 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सिलेंडर की कीमतों को लेकर अखिलेश ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना पेज 2




भारत की नजरें जीत पर, न्यूजीलैंड इतिहास के पक्ष में खेल टाइम्स



ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान ! पेज 11



'धुरंधर-2' में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक बॉलीवुड

## 18वां रोज़ा

कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।




# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिए: अमित शाह



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन से करते हुए कहा कि, उत्तराखंड के युवाओं को अपनी पहचान, संस्कृति बचाने के साथ ही अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा, लेकिन इसके लिए उन्हें रामपुर तिराहा कांड जैसी हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने उत्तराखंड के साथ ही झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का निर्माण करने का निर्णय लिया, आज ये तीनों राज्य तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है, अब इसे संवारने का काम मोदी जी करेंगे, इसी क्रम में 2017 से 2026 तक का कालखंड, उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सभी समस्याओं को चुन- चुन कर समाप्त करने का काम किया है। इस कारण उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

- **गृह मंत्री ने 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के तहत हरिद्वार में आयोजित विशाल जनसभा को किया संबोधित**
- **शाह बोले उत्तराखंड की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रहे हैं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी**

### राज्य सरकार ने किए कई ऐतिहासिक कार्य: धामी

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3.56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए। जिसमें एक लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। राज्य में पहली बार जी-20 जैसे वैश्विक सम्मेलन का आयोजन, राज्य में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, जिसमें राज्य के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक मैडल प्राप्त कर राज्य को अंक तालिका में 7वां स्थान प्राप्त हुआ। राज्य में पहली बार वर्षभर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शीतकालीन यात्रा प्रारम्भ, जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### उत्तराखंड के लिए केंद्रीय सहायता बढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र सरकार से सिर्फ 54 हजार करोड़ मिले, जबकि इसके बाद से उत्तराखंड को केंद्र से एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं, इसके अलावा केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में हजारों करोड़ रुपये की आलवेदर को रोड, दिल्ली – देहरादून इकानॉमिक कॉरिडोर, रेल, सड़क और परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 80 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 74 हजार हो चुकी है। जीएसडीपी भी 2 लाख 22 हजार करोड़ से बढ़कर तीन लाख 82 हजार करोड़ हो चुकी है।

# यूएई, सऊदी और जॉर्डन में अमेरिकी थाड डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

## जॉर्डन वाला डिफेंस-सिस्टम ईरानी हमले में तबाह, कीमत 22 हजार करोड़

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**अमेरिका-इजरायल** और ईरान जंग का शनिवार को आठवां दिन था। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है।

एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपये (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थाड सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। जॉर्डन में अमेरिकी थाड का रडार सिस्टम की ईरानी हमले के बाद की सैटेलाइट तस्वीर जारी की गई हैं। वहीं ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डाक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।



**अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ सात सिस्टम थे मौजूद**

**ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में, 183 नौसैनिक मौजूद, तकनीकी खराबी के बाद मदद मांगी, चार मार्च को कोच्चि पहुंचा**

### ईरानी युद्धपोत को कोच्चि में रुकने की अनुमति मानवीय फैसला



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लावन को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने के भारत के फैसले पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा है कि यह विशुद्ध कानूनी जटिलताओं से परे मानवीय आधार पर लिया गया निर्णय है जो उनकी समझ से सही है।

डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग के तीसरे और अंतिम दिन 'हिन्द महासागर का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवालों के जवाब में कहा कि ईरानी युद्धपोत को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने का निर्णय विशेष परिस्थितियों और मानवीय आधार पर लिया गया है और इसे कानूनी बारीकियों में नहीं तोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के तीन युद्धपोत आईआरआईएस डेना, आईआरआईएस लावन और आईआरआईएस बुशहर पिछले महीने विशाखापत्तनम में नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा समारोह तथा मिलन अभ्यास में शामिल होने आए थे।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये कमर्शियल 114.50 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतों में भारी वृद्धि और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट के कारण तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से रसोई गैस (एलपीजी) के दाम बढ़ा दिए हैं।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में शनिवार से 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में 7 मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये का मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता में इसकी नई कीमत 939 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये हो गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 11 महीने बाद कोई बदलाव किया गया है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ाकर 853 रुपये प्रति सिलेंडर की गई थी। वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1,768.50 रुपये से बढ़कर अब 1,883 रुपये हो गई है, जो अप्रैल 2023 के बाद सबसे अधिक है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर लगातार चौथी बार महंगा हुआ है। छह दिन पहले 1 मार्च को भी दिल्ली में इसके मूल्य में 28 रुपये की वृद्धि की गई थी।

- **डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से बढ़े दाम**

## संक्षिप्त समाचार

### राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया। राम रहीम इससे पहले डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में पहले ही हाईकोर्ट से बरी हो चुका है। हालांकि सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण केस में 10 साल कैद की सजा हुई है। इस वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा।

### नेपाल चुनाव: भारत विरोधी नेता केपी ओली की हार

**काठमांडू।** नेपाल में 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है।

### पाक में शिया प्रदर्शनकारियों पर सेना की गोलीबारी, 38 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान के सबसे बड़े शहर स्कार्दू में भीषण हिंसा भड़क उठी। पहली मार्च को शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पाकिस्तानी सेना व अर्द्धसैन्य बलों की गोलीबारी में बाल्टी-शिया समुदाय के 38 लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। इससे क्रोधित प्रदर्शनकारियों ने सैन्य प्रतिष्ठानों व सरकारी दफ्तरों में तोड़फोड़ की और आग के हवाले कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद हिंसा भड़की।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक संभावित हादसे से बाल-बाल बच गए। कौशांबी जाते समय उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री लखनऊ के ला मार्टिनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा कौशांबी के लिए रवाना हुए थे।

उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को वापस लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में उपमुख्यमंत्री के साथ पायलट, एक सहयोगी और एक पीएसओ मौजूद थे। धुएं के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग होने से सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। घटना के बाद उपमुख्यमंत्री कुछ समय तक एयरपोर्ट पर ही रुके रहे। तकनीकी खराबी के कारणों की जांच के लिए हेलीकॉप्टर की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य शनिवार को कौशांबी में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने जा रहे थे। इसके अलावा उनके पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद, विभागीय अफसरों के साथ बैठक और कई विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का भी कार्यक्रम तय था।

- **बाल-बाल बचे**

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से

## पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें, क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है।

वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

### ममता बनर्जी का धरना दूसरे दिन भी जारी, रातभर धरनास्थल पर रहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी है। ममता ने शुक्रवार की रात धरना स्थल पर ही बिताई।

ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है। ममता बनर्जी ने समर्थकों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पोस्ट एसआईआर में वोटर लिस्ट से वोटर्स के नाम हटाना बंगाल को बांटने के इरादे से किया गया है। भाजपा बंगाल को बांटकर वोट छीनने की योजना बना रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बंगाली भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और बंगालियों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। धरना स्थल पर ममता के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद हैं।

- **बोलीं: एसआईआर में वोटर्स के नाम बंगाल को बांटने के इरादे से हटाए**

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताज. महल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश निःशुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहा. सिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### पांच दिन के बाद कश्मीर में खुले बाजार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और पांच दिनों की पाबंदियों के बाद शनिवार को बाजार फिर से खुल गए और सार्वजनिक परिवहन भी सामान्य रूप से चलने लगे। इससे पहले विरोध प्रदर्शनों के कारण बंद पधी इंटरनेट और प्रीपेड मोबाइल फोन सेवाओं को शुक्रवार शाम से फिर से शुरू कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हवाई हमलों में वहां शीर्ष नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पांच दिन पहले घाटी के कुछ हिस्सों में पाबंदियां लगा दी थीं।

# सपा की साइकिल पंक्चर हो चुकी है: केशव मौर्य

**कौशांबी, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को कौशांबी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबू सिंह महाविद्यालय संयारा में आयोजित सरस महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।



कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद उपमुख्यमंत्री ने मंच से उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बिहार में पराजय के बाद घोर निराशा में हैं और सत्ता के वनवास से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल अब पंचर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2047 तक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सत्ता में नहीं आ पाएंगी तथा 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अप्रैल महीने से दिव्यांगजनों को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

## जो हिम्मती होगा वो गाय के पक्ष बोलेगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जो गाय के पक्ष में होगा, वह गोहत्या पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को गंगा माता, गौ माता, चिंतामणि गणेश मंदिर और संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने 'गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' का शुभारंभ किया। यात्रा विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और रात्रि विश्राम के साथ आगे बढ़ेगी तथा 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। शंकराचार्य ने कहा कि लखनऊ पहुंचने पर आगे का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। वहां से गौ माता की रक्षा को लेकर बड़ी आवाज उठेगी।

# जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी देश से महंगाई: अखिलेश

## पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई लोग सपा में शामिल हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना



■ सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को लेकर केंद्र व योगी सरकार पर साधा निशाना

करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई। इस बीच आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार-बार सपा की नई-नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए 'कट्टा' वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है।

## हम सब कर रहे नए भारत का दर्शन: सीएम योगी

# हर क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी पर कर रहे काम

**आगरा/मथुरा।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आगरा पहुंचे और यहां योगी आरएसएस ब्रज प्रांत की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, संघ के लोगों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें सीएम ने सभी की समस्याओं का समाधान किया। योगी ने एक हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रुप का 8वां हॉस्पिटल है। हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने का अधिकार है। भारत में पिछले 11 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है, हम सब नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे भारत को अपनी आंखों से देख रहे हैं। विरासत और विकास



■ आगरा में सीएम योगी बोले, यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स

■ मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लिया

के समन्वय का स्वरूप अपने भारत में देख रहे हैं। समग्र विकास की संभावनाएं अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं। भारत में हाईवे, एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे की नई लाइनें, नई टेक्नोलॉजी के साथ नए कोच भी बन रहे हैं। वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेनें भी हमनें देख लीं। जानने और यात्रा करने का अवसर भी मिल रहा है। देश में एयर कनेक्टिवटी बेहतर हो रही है। देश में 70 वर्ष में एयरफोर्स और एयर कनेक्टिवटी के लिए सुविधाएं बढ़ाई गईं। सीएम ने बताया कि हेल्थ सेक्टर की बात करें, तो अटलजी के समय देश में केवल एक एम्स था। धीरे-धीरे अटलजी ने इसकी संख्या 6 तक पहुंचाई। पीएम मोदी ने देश में एम्स की संख्या 23 तक पहुंचा दी है। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी की संख्या बढ़ रही है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश यूपी में भी हमने प्रयास किए। 2017 के पहले यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन हो रहा है। जब यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे, तब यूपी में वन ड्रिस्ट्रिक वन माफिया जरूर हावी था, मेडिकल कॉलेज नहीं थे, सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी। स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए डबल इंजन सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए काम किया। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज और 2 एम्स संचालित हो रहे हैं, जिसमें एक गोरखपुर और दूसरा रायबरेली में हैं। यूपी में डबल इंजन की सरकार में 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से उपर आए हैं। एक समय था कि जब कोई बीमार होता था, तो पूरा परिवार परेशान होता था, घर गिरवी रख जाता था।

## एआई से होगा किसानों की समस्याओं का समाधान: जितिन प्रसाद

**शाहजहांपुर।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि एआई से किसानों की सभी समस्याओं का समाधान होगा। वे शनिवार को शाहजहांपुर में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के 87वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत के बाजार पर टिकी हैं। यह नया भारत है, जो किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत का यूरोपीय यूनियन, ऑस्ट्रेलिया, ओमान समेत कई देशों से एफडीए करार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई लोगों की रोजमर्रा जिंदगी में शामिल हो जाएगा, जिससे लोगों का जीवन स्तर बदल जाएगा। आने वाले टाइम में घर-घर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि ये आज का तेजी से बदलता हुआ नया भारत है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी सरकार की बदौलत संभव हो पा रहा है।

# एसआईआर में 44,952 नाम हटे, 70.69 लाख दावे-आपत्तियां प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के तहत 27 अक्टूबर से 6 मार्च तक कुल 44,952 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि 37,132 मामलों में मतदाताओं ने खुद आवे. दन देकर नाम हटवाए, जबकि अन्य मामलों में माइग्रेशन या फॉर्म-7 के माध्यम से नाम विलो. पित किए गए। कुल हटाए गए नामों में 27,118 माइग्रेशन, 10,014 स्वयं हटवाने और 7,620 फॉर्म-7 के जरिए नाम कटे हैं। अब तक प्राप्त दावों और आपत्तियों में से करीब 86 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिन आवेदकों ने सही दस्तावेज प्रस्तुत किए, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। 6 जनवरी से शुरू हुई दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान अब तक 70 लाख 69 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पुरुषों के 34.96 लाख, महिलाओं के 35.72 लाख और अन्य लिग के 296 आवेदन शामिल हैं। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के कुल 86.69 लाख आवेदन 27 अक्टूबर से प्राप्त हुए हैं, जिनमें 43.06 लाख पुरुष और लगभग 43 लाख महिलाओं ने आवे. दन किया। वहीं फॉर्म-7 के 3.18 लाख आवेदन मिले, जिनमें 1.58 लाख पुरुष और 1.10 लाख महिलाओं के आवेदन शामिल हैं। इसी अवधि में फॉर्म-8 के 22.55 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 13.38 लाख पुरुषों ने आवेदन किया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# जन औषधि दिवस पर पीएम मोदी ने किफायती स्वास्थ्य सेवा पर दिया जोर

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की प्रमुख सस्ती दवा पहल सभी नागरिकों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि जन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस योजना के मकसद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल को और सस्ता बनाने के सरकार के इरादे को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करने की हमारे प्रतिबद्धता को दिखाती है कि हर नागरिक को सस्ती कीमतों



पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मिलें। गौरतलब है कि यह योजना जन औषधि केंद्रों के नाम से जाने जाने वाले खास केंद्रों के एक नेटवर्क के जरिए चलती है, जो ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं देते हैं। सरकार के मुताबिक इन केंद्रों ने देश भर के परिवारों पर स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ कम करने में मदद की है। मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा कि जन औषधि केंद्रों के जरिए, अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल के खर्च बचा रहे हैं और उन्हें सही इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेने. रिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना शुरू की है। इसका मकसद सस्ती दवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज मानेकशॉ सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित होंगी।

विश्व स्तर पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान के उत्सव मनाए जाते हैं। यह दिवस स्त्री-पुरुष समानता, महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और महिला सशक्तिकरण के सरकार और समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता को का महत्वपूर्ण अवसर है। मानेकशां सेंटर के कार्यक्रम शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक के स्वागत भाषण के साथ होगा।

# अगर बैंक खाते से डिजिटली कट गए हैं पैसे, तो मिलेंगे 25000!

**नई दिल्ली, वार्ता**

ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच आरबीआई आम आदमी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। नए नियम के तहत अगर आपके बैंक खाते से धोखे से पैसे उड़ जाते हैं, तो आपको 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकेगा, लेकिन इसके लिए 5 दिन के अंदर एक काम करना होगा।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनेटरी पॉलिसी की घोषणा करते समय इस बदलाव के संकेत दिए थे। इसके बाद 6 मार्च को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जुड़े कस्टमर लायबिलिटी फ्रेमवर्क का यह ड्राफ्ट पेश किया गया। फिलहाल केंद्रीय बैंक ने इस पर आम जनता से उनकी राय मांगी है, जिसके

■ पांच दिन के अंदर अपने बैंक को करना होगा सूचित

लिए 6 अप्रैल 2026 तक का समय दिया गया है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो 1 जुलाई 2026 या उसके बाद होने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांजेक्शन पर यह नया नियम लागू हो जाएगा। इस मुआवजे को पाने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। ठगी का अहसास होते ही आपको तुरंत एक्शन लेना होगा। नियमों के तहत पीड़ित को फ्रॉड होने के 5 दिन के अंदर अपने बैंक को इसकी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करानी अनिवार्य है। शिकायत मिलने के बाद बैंक को महज 5 कैलेंडर दिनों के भीतर ही ग्राहक को मुआवजे की राशि का भुगतान करना होगा। डिजिटल पेमेंट हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। सब्जी वाले को पैसे देने हों या लाखों का लेन-देन करना हो, सब कुछ स्मार्टफोन के एक क्लिक पर हो जाता है, लेकिन इस सहूलियत के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। आए दिन साइबर ठग आम लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा ले जाते हैं, ऐसे में आरबीआई आम जनता के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। आरबीआई का यह कदम सीधे तौर पर उन ग्राहकों को राहत देगा, जो अक्सर छोटे स्तर की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केदारनाथ से...**

अब दोगुनी रफ्तार से विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में 10 हजार एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिया को देश से बाहर निकालने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने यूसीसी लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूसीसी, डेमोग्राफी में आए अप्राकृतिक बदलाव को रोकने का काम करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने एसआईआर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम वोटर लिस्ट से कटना ही चाहिए, लो. कतंत्र की रक्षा के लिए वोटर लिस्ट का शुद्ध होना जरूरी है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, हरिद्वार सांसद और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डा. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित कई विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

# ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए भारत और ब्रिटेन मिलकर करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर एक व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था। यह सम्मेलन राष्ट्रीय

■ राजधानी में आयोजित सम्मेलन में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें दोनों देशों की सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत, मानक निकायों, परीक्षण संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और नियामक एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत हरित हाइड्रोजन के सुरक्षित उपयोग पर सहयोग को मजबूत किया जा सके। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। इनमें उत्पादन, भंडारण, परिवहन और अंतिम उपयोग अनुप्रयोग के विषय भी शामिल थे। सम्मेलन को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक मोहम्मद रिहान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के मिशन निदेशक अभय बकरे, भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव जिनूस शरियाती, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा और भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव लौरा आयलेट आदि ने संबोधित किया। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव परविंदर मैनी ने मुख्य भाषण देते हुए, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के बड़े पैमाने पर उपयोग को सक्षम बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा ढांचे, मानक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया। चर्चा सत्रों में हाइड्रोजन सुरक्षा और मानकों के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय नियामकों की भी भागीदारी रही। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने हाइड्रोजन प्रणालियों के लिए सुरक्षा अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन पर नियामक दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने विकसित हो रहे मानक ढांचे और भारतीय हाइड्रोजन मानकों को अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर जानकारी प्रस्तुत की। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में सुरक्षा प्रथाओं पर प्रस्तुतियां और चर्चाएं शामिल थीं।

# कर्तव्य पथ पर 'शक्ति वॉक' का आयोजन किया जाएगा

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'शक्ति वॉक-शी लीड्स भारत' नाम से यहां कर्तव्य पथ पर महिलाओं के नेतृत्व में एक वॉक का आयोजन करेगा। इस समारोह का मकसद अलग-अलग क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों, नेतृत्व और योगदान का जश्न मनाना है।

साथ ही लिग सामानता, सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना है। मंत्रालय के मुताबिक यह वॉक सुबह 7:30 बजे से 10:00 बजे तक होगी, जिसमें इंडिया गेट से विजय चौक तक कर्तव्य पथ पर लगभग दो किलोमीटर का रास्ता तय किया जाएगा। इस समारोह में 150 से ज्यादा मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की लगभग 3,000 महिलाओं के हिस्सा लेने की उम्मीद है। हिस्सा लेने वालों में सशस्त्र बल, पुलिस, मीडिया, स्वास्थ्य विभाग, खेल, सरकारी संस्थानों, उद्योगों और अन्य संगठनों की प्रतिनिधि शामिल होंगी। इसमें अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। इस वॉक को महिला जन प्रतिनिधि नेतृत्व करेंगी, जिनमें केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य, विधायक और अलग-अलग क्षेत्र की दूसरी जानी-मानी हस्तियां शामिल हैं। महिलाएं आज केवल राष्ट्र निर्माण में सहभागिता ही नहीं निभा रहीं, बल्कि उसका नेतृत्व भी कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'शक्ति वॉक' नारी शक्ति, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रतीक है केन्द्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों की महिला अधिकारियों को भी इसमें शामिल होने के लिए बुलाया गया है।

## हरिद्वार में हुआ 'जन जन की सरकार, चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम आयोजित

# शाह ने किया 1129.91 करोड़ की योजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में 1129.91 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



रुपये 1014.81 करोड़ की 22 योजनाओं का शिलान्यास और 115.10 करोड़ रुपये की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भटष्ट, हरिद्वार सांसद और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डॉ धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित कई विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

## इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण

- 14 करोड रुपए की लागत से सहकारिता विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजनान्तर्गत टी.एम.आर. प्लांट का लोकार्पण।
- 18.17 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के पुलिस लाइन में निर्मित 46 आवासीय भवनों का लोकार्पण।
- 6.55 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढवाल के पुलिस लाईन में निर्मित बहुउद्देशीय भवन एवं जनपद उत्तरकाशी में थाना धरासू के प्रशास. निक भवन का लोकार्पण।
- 5.48 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढवाल में थाना लक्ष्मणझूला, थाना लैंसडाउन एवं जनपद उत्तरकाशी में थाना धरासू के कुल 18 आवासीय भवनों का का लोकार्पण।
- 5.40 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के पीटीसी नरेन्द्रनगर में निर्मित एकेडमिक ब्लॉक एवं राजपत्रित छात्रावास के लोकार्पण।
- 12.75 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में थाना चोरगलिया, काठगोदाम तथा जनपद टिहरी गढवाल में थाना कीर्तिनगर व मुनि की रेती में टाइप-2 के कुल 48 आवासों का लोकार्पण।
- 14.36 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के आई०आर०बी० द्वितीय में आर०टी०सी० हेतु प्रशासनिक भवन एवं अवसंरचनात्मक कार्यों का लोकार्पण।
- 6.98 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में थाना रानीखेत व द्वाराहाट तथा जनपद बागेश्वर में थाना कपकोट में टाईप-2 के कुल 18 आवासीय भवनों का लोकार्पण।
- 7.16 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत जनपद चम्पावत में थाना चम्पावत, टनकपुर व लोहाघाट में टाईप-2 के कुल 18 आवासीय भवनों का लोकार्पण।
- 9.16 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में जिला कारागार के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का लोकार्पण।
- 4.90 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में 50 बन्दी क्षमता की हाई सिक्योरिटी बैरकों का लोकार्पण।
- 1.80 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के जिला कारागार में वी०सी० क्यूबिकल्स का लोकार्पण। 1.22 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में वी.सी. क्यूबिकल्स का लोकार्पण।
- 1.22 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार रूडकी में वीसी क्यूबिकल्स के निर्माण कार्य का लोकार्पण।
- 0.84 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा) विभाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के उप कारागार, हल्द्वानी में वी.सी. क्यूबिकल्स का लोकार्पण।
- 2.63 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के जिला कमाण्डेन्ट, कार्यालय होमगाड्र्स के अनावासीय भवन का लोकार्पण।
- 2.48 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ में जिला कमाण्डेन्ट, कार्यालय होमगाड्र्स के अनावासीय भवन का लोकार्पण।

## इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास

- 20 करोड़ रुपए की लागत से सहकारिता विभाग के अन्तर्गत निबन्धक कार्यालय सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड, मुख्यालय भवन का शिलान्यास।
- 6.13 करोड रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा-सैनार-चान मोटर मार्ग में कोसी नदी पर 60 मीटर विस्तार के मोटर सेतु के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 11.58 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद चमोली में लंगसी-द्वींग-तपोण-लॉजी-पोखनी मोटर मार्ग में अलकनन्दा नदी पर 78 मीटर विस्तार के मोटर सेतु के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 82.37 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद चमोली के ज्योतिर्मठ में ड्रेनेज संबंधित कार्य का शिलान्यास।
- 516.98 करोड़ रुपए की लागत से आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग में वाह्य सहायतित योजना (विश्व बैंक पोषित) के अन्तर्गत जनपद चमोली के आपदा प्रभावित ज्योतिर्मठ नगर क्षेत्रान्तर्गत भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र के स्लोप स्टेबलाइजेशन का शिलान्यास।
- 155.45 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत पुलिस लाईन देहरादून में टाईप-द्वितीय (ब्लॉक-ए, बी एवं सी) के 360 (जी+10) आवासों का शिलान्यास।
- 54.04 करोड़ रुपए की लागत से गृह (पुलिस) विभाग, के अन्तर्गत आई.आर.बी द्वितीय देहरादून में टाईप-द्वितीय के 120 आवासों का शिलान्यास। 7.07 करोड़ रुपए की लागत से गृह (अभियोजन) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जनपदीय कार्यालय भवन एवं सदर मालखाना का शिलान्यास। 9.29 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के सितारगंज में केन्द्रीय कारागार में अतिरिक्त आवासीय भवनों का शिलान्यास। 9.97 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जिला कारागार, अल्मोड़ा में आवासीय भवनों का शिलान्यास।
- 1.23 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग, के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार, रुड़की में ट्यूबवैल एवं ओवरहेड टैंक का शिलान्यास। 2.51 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उप कारागार, रुड़की में नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास। 4.90 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में बैरक संख्या - 01,02 एवं 06 के प्रथम तल पर बैरकों के निर्माण का शिलान्यास।
- 0.99 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के जिला कारागार में महिला बैरक प्रथम तल पर नवीन बैरक के निर्माण का शिलान्यास। 21. 25 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में जिला कारागार के नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास।
- 1.63 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग, के अन्तर्गत जनपद चमोली के जिला कारागार में वी०सी० हॉल एवं वी०सी० क्यूबिकल्स के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 0.28 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के जिला कारागार के वी०सी० हॉल में वी०सी० क्यूबिकल्स के निर्माण का शिलान्यास।
- 0.57 करोड़ रुपए की लागत से गृह (कारागार) विभाग, के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के जिला कारागार में वी०स. ी० हॉल के भूतल पर साउण्डप्रूफ वी०सी० क्यूबिकल्स के निर्माण का शिलान्यास।
- 2.24 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के जिला कमाण्डेन्ट, होमगाड्र्स कार्यालय के अनावासीय भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 2.74 करोड़ रुपए की लागत से गृह (होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा) विभाग के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के जिला कमाण्डेन्ट, होमगाड्र्स कार्यालय के अनावासीय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- रुपए 43.25 करोड़ रुपए की लागत से नियोजन (यूआईआईडीबी) विभाग उत्तराखण्ड़ के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत के निर्माण कार्य का शिलान्यास।
- 60.34 करोड़ रुपए की लागत से नियोजन (यूआईआईडीबी) विभाग के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में हरिद्वार गंगा कॉरिडॉर परियोजना के अन्तर्गत सती कुण्ड पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास

## शाह ने नागरिकता प्रमाणपत्र किए प्रदान



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में आयोजन के दौरान पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आए 162 शरणार्थियों को भारत की नागरिकता का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसमें पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित सिद्धपीठ हिंगलाज माता मंदिर के पुजारी परिवार से जुड़े शैलेश, भट्टाग्राम, पाकिस्तान से आए जसपाल कुमार, कराची, पाकिस्तान में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न से तंग आकर भारत आने वाले दुर्गानाथ टी. राजपूत और अफगानिस्तान से आई श्रीमती हंसेरी बाई को मंच पर नागरिकता का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## केंद्रीय गृहमंत्री ने ई जीरो एफआईआर का किया शुभारंभ



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उत्तराखंड में ई जीरो एफआईआर प्रणाली का भी शुभारंभ किया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संर्. हता की धारा 173 के अंतर्गत शुरू की जा रही ई-जीरो एफआईआर प्रणाली विशेष रूप से एक लाख से अधिक की वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। अब 1930 हेल्पलाइन या नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें, देहरादून स्थित राज्य साइबर पुलिस स्टेशन में ई-जीरो एफआईआर के रूप में पंजीकृत होंगी और तत्पश्चात सीसीटीएनएस के माध्यम से संबंधित थाने को तत्काल प्रेषित की जाएंगी। इससे पुलिस को गोल्डन ऑवर में तुरंत कार्रवाई करने, साक्ष्य संकलन प्रारम्भ करने तथा संदिग्ध लेन-देन को फ्रीज करने में सहायता मिलेगी, जिससे ठगे गए धन की अधिक से अधिक रिकवरी की संभावना बढ़ेगी।

## नव नियुक्त आरक्षियों को मिले नियुक्ति पत्र



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड पुलिस में नव नियुक्त आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिसमें से अमन सिंह, आक. ाश, अभय चौहान, अर्जुन नाथ गोस्वामी, योगेश नाथ ने मंच से नियुक्ति पत्र प्राप्त किए।

# सरकार ने यूसीसी लागू कर ऐतिहासिक कदम उठाया: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 में उत्तराखंड की जनता ने सभी मिथकों को तोड़कर प्रचंड बहुमत से सरकार को दुबारा आशीर्वाद दिया।



मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार किया गया है। नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू कर वर्षों से उपेक्षित हिन्दू शरणार्थियों को सम्मान और सुरक्षा का अधिकार दिलाया गया। भारतीय न्याय संहिता सहित तीन नए कानूनों के माध्यम से न्याय व्यवस्था को भारतीय आत्मा के अनुरूप बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा गृह मंत्री के नेतृत्व में देश में आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। जिन क्षेत्रों में अशांति और भय होता था, आज वो क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। कश्मीर के लाल चौक पर कभी तिरंगा फहराना, एक चुनौती माना जाता था, आज वहां गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा लहरा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा गृह मंत्री के नेतृत्व में देश, सहकारिता के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन का जयघोष चारों दिशाओं में गूंज रहा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ के लिए 500 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा निश्चित ही आगामी कुंभ सनातन का गौरव बढ़ाने वाला कुंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में बीते चार सालों में आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि हुई है, बीते वर्ष में राज्य की जीएसडीपी में 7.23 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है और प्रतिव्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बीते 4 वर्षों में राज्य बजट का आकार 60 हजार करोड़ से 1 लाख करोड़ से अधिक हो गया है, राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं। बीते चार वर्षों में राज्य में स्टार्टअप की संख्या 700 से बढ़कर साढ़े 1700 हो गई है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू कर सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा हमें गर्व है कि हमने यूसीसी को लागू कर उसे प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने का कार्य भी किया है।

### कहा-प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3.56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए। जिसमें 1 लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है।

## कार्यक्रम में दिखा संतों का समागम

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति भी देखने को मिली।

कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ों के महामंडलेश्वर, संत और साधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर संतों के लिए अलग से विशेष स्थान की व्यवस्था की गई थी।

संत समाज की मौजूदगी से कार्यक्रम का माहौल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर संतों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आशीर्वाद दिया। संतों ने राज्य की उन्नति और जनकल्याण के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

## केंद्रीय गृहमंत्री ने किया 'विकल्प रहित संकल्प' पुस्तक का विमोचन



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भाषणों के संकलन पर आधारित गिरजा शंकर जोशी की पुस्तक 'विकल्प रहित संकल्प' का विमोचन किया गया। आयोजन के दौरान राज्य सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।




# 27 के चुनाव के लिए प्रदेश नेतृत्व को मिला शाह का विजयी मार्गदर्शन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में शनिवार को भाजपा की प्रदेश टोली बैठक संपन्न हुई। जिसमें चुनावी दृष्टि से कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा हुई। वहीं 27 के चुनाव दृष्टिगत गृह मंत्री का प्रदेश नेतृत्व को विजयी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



### टोली बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री ने की संगठन के प्रमुख नेताओं से चर्चा, किया मार्गदर्शन

हरिद्वार के होटल गॉडविन में हुई इस बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बताया कि चुनावी वर्ष को देखते हुए शाह का प्रमुख रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। जिसमें उनके द्वारा सभी लोगों को कार्यकर्ताओं की संतुष्टि और संगठन विस्तार पर जोर देने की बात कही। ताकि कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की समस्याओं को टारगेट कर उसका निवारण किया जाए। इसी तरह संगठन विस्तार के क्रम में बूथ एवं मंडल स्तर पर प्रकोष्ठों एवं विभागों की इकाइयों का शीघ्र गठन किया जाएगा। जिनके आधार पर पार्टी की सक्रियता को पहले से अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त शीघ्र शुरू होने वाली एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा हुई। जिसके लिए बीएलए 2 बनाने के काम को शत प्रतिशत पूरा कर वोट संरचना अनुशार चुनावी तैयारी करेगी। धीरे धीरे चुनावी दृष्टि से पार्टी अपनी गति. विधियों को आगे बढ़ाएगी, ताकि बूथ स्तर पर कैसे सफलता के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। बैठक में तय हुआ कि सभी सांसद विधायक 2027 चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं और जनता के बीच जाएं। उनके जनसामान्य के मुद्दों और व्यक्तिगत समस्याओं को सुने और उसके निवारण का प्रयास करें। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ उनके सभी कैबिनेट सहयोगी मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, केंद्रीय मंत्री एवं अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ,हरिद्वार सांसद पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, सांसद अजय भट्ट, महारानी माला राज्यलक्ष्मी, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल मौजूद रहे। इसके साथ ही भाजपा सातों मोर्चों के मोर्चा अध्यक्ष भी बैठक में मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर डीएम सख्त

■ औचक निरीक्षण में स्वच्छता पर जताई नाराजगी, आभा आईडी सेवा बंद मिलने पर दिए कड़े निर्देश, केदारनाथ यात्रा को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा की तैयारियों के बीच जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने शनिवार को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपचार सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए कई खामियों पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, रेडियोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब और रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया तथा अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को सभी आवश्यक सूचनाएं आसानी से मिलनी चाहिए, इसके लिए सभी कक्षों और सूचना पट्टों पर स्पष्ट बोर्ड व साइनेज लगाए जाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी, तहसीलदार प्रणव पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### मरीजों और तीमारदारों से ली जानकारी

रुद्रप्रयाग। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं और अस्पताल की कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को निर्देश दिए कि हर मरीज के साथ संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार किया जाए।

### केदारनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा को देखते हुए यात्रा मार्ग में स्थित अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### आभा आईडी सेवा बंद मिलने पर नाराजगी

रुद्रप्रयाग। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आभा आईडी सेवाएं संचालित न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे तत्काल सुचारु करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

रुद्रप्रयाग। अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर डीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाई और साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार के साथ स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कम से कम मरीजों को किया जाए रेफर

रुद्रप्रयाग।जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि यथासंभव मरीजों को जिला अस्पताल में ही उपचार उपलब्ध कराया जाए और अनावश्यक रूप से हायर सेंटर रेफर न किया जाए। उन्होंने कहा कि हायर सेंटर रेफर किए गए मामलों की नियमित समीक्षा की जाएगी, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि मरीज को किन परिस्थितियों में रेफर किया गया।

### हर माह होगी रेफरल मामलों की समीक्षा

रुद्रप्रयाग। डीएम ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें हायर सेंटर भेजे गए मरीजों के मामलों का विश्लेषण किया जाएगा, ताकि यदि किसी प्रकार की चिकित्सकीय या तकनीकी कमी सामने आती है तो उसे समय रहते दूर किया जा सके।

### माधवाश्रम अस्पताल का भी किया निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। जिला अस्पताल के बाद डीएम ने कोटेश्वर स्थित माधवाश्रम अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता व्यवस्था मजबूत रखने, समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने और निष्प्रयोज्य सामग्री का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## मां-बेटे पर हमला करने के बाद खुद को लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** के विकास खंड देवाल के लिए अंतर्गत ओडर गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी एवं बच्चे पर धारदार हथियार से हमला कर दोनों को बुरी तरह जख्मी कर दिया है। जबकि हमलावर ने फांसी लगाकर अपनी मौत कर ली हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवाल के ओड़र गांव निवासी एक मानसिक रूप से बिमारी व्यक्त गजेंद्र सिंह गड़िया (40) ने शुक्रवार की देर सांय अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी (37) एवं नाबालिग बच्चें मयंक (7) पर थमाली (धारदार हथियार) से हमला कर दोनों को बुरी तरह से घायल कर दिया ग्रामीणों ने किसी तरह गजेंद्र सिंह दोनों मां, बेटे को बचा कर आपातकालीन सेवा 108 के जरिए प्राथमिक उपचार केंद्र देवाल भेजा जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने दोनों को हाई सेंटर रेफर कर दिया हैं। बताया जा रहा है कि मां,बेटे को घायल करने के बाद वह व्यक्ति देर सांय तक धारदार हथियार को हाथ में लेकर गांवों में घुमता रहा, जिससे गांव में दहशयत बनी रही।देर सांय गजेंद्र ओडर गांव के पास के जंगल में हो हल्ला करते हुए चला गया। जिससे दहशतजदा ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।जब आज सुबह तक गजेंद्र गांव में नही पहुंचा तो परिजनों एवं ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की तों ओडर गांव के पास गांव से करीब 5 सौ मीटर दूर उसका शव एक पेड़ पर लटका मिला। थराली के थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि ओडर के गजेन्द्र की फांसी पर लटकाने की सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेज दिया गया। जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग भेज दिया हैं।गांव की प्रधान प्रेमा देवी ने हादसे पर दु:ख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की हैं।

## श्रीनगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 30 महिलाएं सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम श्रीनगर द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 30 महिलाओं को अलकनंदनी सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्य, शिक्षा, राजनीति, स्वरोजगार, स्वास्थ्य तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महापौर आरती भंडारी ने जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया को अलकनंदनी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इसके साथ ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत माँ नंदा महिला रामलीला मांगल योग समिति द्वारा "महिला चक्रव्यूह" का प्रभावशाली मंचन किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसरों के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व सहित हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि नगर निगम श्रीनगर महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। महिलाओं को स्वरोजगार, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास से जोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं और महिलाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

## यात्रा से पहले ही 'जख्मी' जवाड़ी बाईपास

■ 600 मीटर सड़क अब भी खस्ताहाल, केदारनाथ यात्रा में ट्रैफिक व्यवस्था पर मंडराया संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा से पहले नगर मुख्यालय का जवाड़ी बायपास प्रशासन और यात्रियों के लिए बड़ी चुनौती बनता नजर आ रहा है। पिछले वर्ष बरसात के दौरान हुए भू-धंसाव से मार्ग का लगभग 600 मीटर हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जो अब तक पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो पाया है।



जवाड़ी बायपास रुद्रप्रयाग शहर के मुख्य बाजार में लगने वाले ट्रैफिक दबाव को कम करने वाला प्रमुख वैकल्पिक मार्ग है। यात्रा सीजन में हजारों वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश से रोकने के लिए अक्सर इसी मार्ग से ट्रैफिक डायवर्ट किया जाता है। लेकिन वर्तमान में मार्ग की खराब स्थिति वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। पिछले वर्ष भू-धंसाव के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मार्ग पर अस्थायी मरम्मत कार्य तो करवाया, लेकिन अब तक स्थायी उपचार नहीं हो सका है। जनवरी माह में तत्कालीन जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने टीएचडीसी अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर यात्रा से पहले मार्ग को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद टीएचडीसी ने करोड़ों रुपये की लागत का प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेज दिया, लेकिन अभी तक इसकी स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

यदि आगामी यात्रा के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन इस बायपास से किया गया तो वाहनों की गति धीमी रहने और जाम की स्थिति बनने की आशंका बनी हुई है। पिछले वर्ष भी इसी मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण लगातार दो दिन तक यातायात बाधित रहा था, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस मार्ग का स्थायी उपचार नहीं किया गया तो आगामी बरसात में एक बार फिर सड़क धंसने या भूस्खलन का खतरा बना रह सकता है।

इस बीच उत्तराखंड क्रांति दल के जिला महामंत्री अजीत सिंह ने कहा कि केदारनाथ यात्रा शुरू होने में अब करीब डेढ़ माह का समय शेष है, ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरे कार्य यात्रा व्यवस्थाओं के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग को सुरक्षित और सुचारू बनाया जाए।

इधर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडे का कहना है कि जवाड़ी बायपास के स्थायी उपचार के लिए लगभग 136 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार कर मंत्रालय को भेज दी गई है। विभाग के अनुसार मंत्रालय से स्वीकृति मिलते ही स्थायी कार्य शुरू किया जाएगा, जबकि यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग को अस्थायी रूप से सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे, ताकि यात्रियों और स्थानीय लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना न करना पड़े।

### एक नजर .......

### लगातार तीसरे दिन भी रहा धरना जारी

**कीर्तिनगर ।** कीर्तिनगर ब्लॉक का दुरस्त और बीहड़ गांव पाणव में 5 मार्च से युवा नेता प्रदीप गोदियाल द्वारा लोस्तु पट्टी के सभी गांवों के ग्रामीणों की सहायता से महत्वपूर्ण मांग श्रीनगर से पांणव होते हुए गंडराखाल, नैलचामी, नई टिहरी मोटर मार्ग की स्वीकृति तत्काल करवाने हेतु धरना शुरू किया गया है । शनिवार को तीसरे दिन भी ग्राम डाडाखिल, भरांखिल, पाल्यापटाला, खोंगचा, सरमोली, खोला, पयांखोली, मोलधार, घंडियालधार, क्विली आदि अनेक गांवों की बुजुर्ग माताएं बहिनें, युवा, बुजुर्ग इस आशा विश्वास के साथ शामिल हुए कि शासन, प्रशासन ने उक्त धरने का संज्ञान लेकर उक्त मोटर मार्ग निर्माण के लिए कोई निर्णय ले लिया होगा किंतु शनिवार को भी कोई प्रशासनिक व्यक्ति धरना स्थल पर नहीं पहुंचा । इस अवसर पर युवा नेता प्रदीप गोदियाल द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि सदियों से सीमांत क्षेत्र के सरल लोगों को प्रशासन व राजनीतिक लोगों द्वारा छला, ठगा गया है, गुमराह किया गया है, अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकी गई है, पर अब समय आ गया है हम छले ठगे नहीं जायेंगे हम तब तक डटे रहेंगे जब तक हमारी मांग स्वीकृत नहीं हो जाती है । उन्होंने सभी क्षेत्र के सभी दलों के नेताओं से अपील की कि यदि आज नहीं तो कभी नहीं, आइए और इस धरना कार्यक्रम को विशाल कीजिए, मेरा प्रण से प्राण तक समाधान चाहिए। अपने संबोधनों में ग्रामीणों ने प्रदीप गोदियाल को पूर्ण समाधान होने तक साथ देने का वचन दिया है। शनिवार को धरना स्थल पर दीपक गोदियाल, पवन गोदियाल, हरीश गोदियाल, रामलाल गोदियाल, महावीर गोदियाल, कल्पेश्वरी देवी, रजनी देवी, रामप्यारी देवी, सुंदरी देवी, राधा देवी, सुरजन सिंह, कमल सिंह, सरोप सिंह, रघुवीर सिंह, गुलाब सिंह, अर्जुन सिंह आदि अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### महिलाओं के जीवन, संघर्ष और आत्मनिर्भरता पर लगाई प्रदर्शनी




**श्रीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को बिड़ला कैंपस कैंटीन में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) द्वारा अपहोल्ड् द डिगनीटी ऑफ वूमनहूड विषय पर फोटो एवं पेंटिंग प्रदर्शनी तथा ओपन माइक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर फोटोग्राफर रंजना बर्त्वाल द्वारा उत्तराखण्ड की महिलाओं के जीवन, संघर्ष और आत्मनिर्भरता को दर्शाती फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में प्रस्तुत तस्वीरों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके दैनिक जीवन की विविध झलकियों को सामने लाने का प्रयास किया गया, जिसे उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एआईएमएसएस की सदस्य रचना अग्रवाल ने महिलाओं की गरिमा, समानता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ओपन माइक सत्र में कई विद्यार्थियों ने कविता, निबंध और अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला जीवन के विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त किया। इस मौके पर प्रियेश पांडेय, ऋषभ वर्मा, यशराज, अभिनव, सोनम काला और प्रिया सहित अनेक छात्रों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत की।

## सुमाड़ी में सातवें दिन भी एनआईटी का निर्माण कार्य बंद

■ मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के सुमाड़ी में निर्माणाधीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) का निर्माण कार्य में अनियमिताओं के आरोप सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को सातवे दिन भी एनआईटी निर्माण कार्य बाधित रखा। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।



मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सुमाड़ी में निर्माणाधीन एनआईटी परियोजना में स्थानीय प्रभावितों को रोजगार दिए जाने, चमराडा फील्ड से एनआईटी की बोरिंग बंद किए जाने, निर्माण कार्य में मानकों के विरुद्ध कार्य किए जाने से चमराडा-खाल्लू मार्ग की स्थिति को ठीक करने, संस्थान से निकल गए स्थानीय लोगों को पुन: रोजगार दिए जाने तथा कंपनी द्वारा मजदूरों के लिए सीवरेज की उचित व्यवस्था किये जाने आदि मांगों पर कार्यवाही नहीं होती एनआईटी का निर्माण कार्य बाधित रहेगा। बताते चले कि शुक्रवार को मौके पर पहुंचे स्थानीय प्रशासन ने स्थानीय लोगों से कार्य को सुचारू रूप से करने करने की अपील की थी, लेकिन ग्रामीण एक न माने ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहें गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी ने कहा कि भाजायूमों के निर्वतमान उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी ने कहा बिना पूर्व सूचना के धीरे-धीरे परियोजना से स्थानीय लोगों को बाहर किया जा रहा है, जबकि एनआईटी परिसर निर्माण के लिए यहां के लोगों ने अपनी भूमि नि:शुल्क दान की है। कहा कि जब तक खाल्लू-चमराडा और सुमाड़ी मार्ग का गुणवत्तापूर्ण सुधार नहीं होता, कार्य बंद रहेगा। उन्होंने मांग की कि एनबीसीसी, सेम इंडिया और हिमालय कंस्ट्रक्शन के अधिकारी प्रशासन के सम्मुख स्थिति स्पष्ट करें तथा हिमालय कंस्ट्रक्शन कंपनी अपने अनुभव के प्रमाण प्रस्तुत करे। मौके पर पूर्व जिला पंचायत प्रमुख भगवान सिंह, अभिनव धनाई, विपुल जोशी, अमित कंडारी, विनोद कोहली, अमित रौथान, हिमांशु पवार, सुधीर चमोली, मयंक शाह, डॉ. विनीत पोस्ती, गौरव मोहन नेगी, आदित्य रावत, आशीष घड़ियाल, विजय रावत, बसंती जोशी, सुमन कड़ियाल, मोनिका सहित आदि मौजूद थे।

## मजदूरों का सत्यापन न कराने पर ठेकेदार का दस हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और बाहरी असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से चलाया जा रहा "ऑपरेशन क्रैकडाउन" लगातार तेज किया जा रहा है।

इसी क्रम में मजदूरों का पुलिस सत्यापन न कराने पर एक ठेकेदार के खिलाफ दस हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग/गुप्तकाशी विकास पुण्डीर ने स्वयं मैदान में उतरकर सत्यापन अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने जवाड़ी और झिरमोली क्षेत्र के विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर वहां कार्यरत मजदूरों के सत्यापन की स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ ठेकेदारों ने अपने यहां काम कर रहे मजदूरों का सत्यापन नहीं कराया था। इस पर कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत दस हजार का चालान किया गया। साथ ही कोतवाली रुद्रप्रयाग प्रभारी को सभी मजदूरों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए। जनपद पुलिस द्वारा अब तक 1828 बाहरी व्यक्तियों का भौतिक और दस्तावेजी सत्यापन किया जा चुका है। यह अभियान जनपद के सभी थाना और कोतवाली क्षेत्रों में युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने मकान मालिकों, व्यापार मंडलों और ठेकेदारों से अपने यहां रहने वाले किरायेदारों, बाहरी श्रमिकों और कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराने की अपील की।

## गैरसैंण में विधानसभा बजट सत्र को लेकर तैयारियां तेज, जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गैरसैंण (भराड़ीसैंण)** 9 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाले आगामी विधानसभा बजट सत्र के दृष्टिगत जनपद चमोली में की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी गौरव कुमार ने जिला सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।



बैठक में वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सत्र के दौरान आने वाले जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने दूरसंचार एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने को कहा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों एवं संपर्क मार्गों को यातायात के लिए पूरी तरह सुचारु रखने तथा मार्गों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विद्युत, पेयजल, भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए । इसके अतिरिक्त सत्र के दौरान आगंतुकों की सुविधा के लिए पेयजल, बायो-टॉयलेट सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए कंटीजेंसी प्लान तैयार करने तथा व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि विधानसभा बजट सत्र के दौरान सभी विभागों द्वारा आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारु बनाया जाएगा, ताकि सत्र का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार , मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश , परियोजना निदेशक आनंद सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पशुपालन योजनाओं से ग्रामीणों को मिला स्वरोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल और जिला प्रशासन के प्रयासों से जनपद में स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को पशुपालन से जोड़कर उनकी आर्थिकी मजबूत की जा रही है।

इन योजनाओं से जुड़कर कई ग्रामीण अपने ही गांव में रहकर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पशुपालन विभाग पौड़ी द्वारा जनपद में बकरी पालन, मुर्गी पालन, गौ पालन तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गौ पालन योजना के तहत 143, बकरी पालन योजना में 262, महिला बकरी पालन योजना में 30, मुर्गी पालन में 120, नंदी पालन योजना में 6, गैर-सरकारी गौ सदन में 18 तथा सरकारी गौ सदन में 3 इकाइयों को योजनाओं का लाभ दिया गया है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विशाल शर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में जिला योजना के तहत 262 लाभार्थियों को बकरी पालन योजना से जोड़ा गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 16 बकरियां उपलब्ध करायी जाती हैं, जिससे वे व्यवस्थित रूप से बकरी पालन कर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने बताया कि महिला बकरी पालन योजना के तहत 30 विधवा महिलाओं को चार-चार बकरियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वे अपने घर के पास ही पशुपालन कर आत्मनिर्भर बन सकें और उनकी आजीविका मजबूत हो सके। डॉ शर्मा ने बताया कि मुर्गी पालन योजना के अंतर्गत 120 लाभार्थियों को तीन-तीन हजार मुर्गियां उपलब्ध कराई गई हैं। इनसे उत्पादित मुर्गियां और बकरियों की आपूर्ति सीमा सुरक्षा बल श्रीनगर को भी की जाती है, जिससे लाभार्थियों को बाजार उपलब्ध हो रहा है और उनकी आय में बढ़ोतरी हो रही है ।उन्होंने बताया कि नंदी पालन योजना के तहत छह लाभार्थी पांच-पांच नंदियों का पालन कर रहे हैं। इनके भरण-पोषण के लिए सरकार की ओर से प्रति नंदी प्रतिदिन 80 रुपये की सहायता दी जाती है। इसके अलावा जनपद में 18 गैर-सरकारी गौ सदन संचालित किए जा रहे हैं, जिनके संचालन के लिए भी प्रति गाय प्रतिदिन 80 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है।

# नूतन न्याय संहिता पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार द्वारा नूनत न्याय संहिता" विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए भारतीय न्याय सं. हता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम ख्रके प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यह प्रदर्शनी आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, पुलिस अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली से अवगत कराने के लिए उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में न्याय संहिताओं की प्रमुख विशेषताओं को सरल, दृश्य एवं इंटरैक्टिव माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। इसमें समयबद्ध जांच एवं चार्जशीट की अनिवार्यता, जीरो एफआईआर एवं ई-एफआईआर की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए सशक्त प्रावधान सभी सभी प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं। विदित है कि भारतीय न्याय सं. हता जैसे नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड देश में पहले स्थान पर रहा है। प्रदर्शनी 9 मार्च तक जारी रहेगी।



■ भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता पर केंद्रित है प्रदर्शनी

**प्रदर्शनी के जरिए बयां हो रही है विकास गाथा:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ही हरिद्वार के बैरागी कैम्प में उत्तराखंड सरकार की विकास परख उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने अलग अलग स्टॉल पर जाकर विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह प्रदर्शनी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित है। इसमें बुनियादी ढाँचे का विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों का सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों को भी प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है।

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा- तीन साल के भीतर मिलेगा न्याय

केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी लोगों खासकर अधिवक्ता वर्ग से अपील करते हुए कहा कि वो नई न्याय संहिता पर लगाई गई प्रदर्शनी का जरूर अवलो. कन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों के बनाए डेढ़ सौ साल पुराने कानूनों को बदलने का काम किया है, 2028 में नई न्याय संहिता के सभी प्राविधान पूरी तरह अमल में आ जाएंगे। इसके बाद किसी भी मामले में थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे आधुनिक ओर वैज्ञानिक न्याय सहिंता करार दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएए कानून के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने वाले शरणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आने वाले हिंदू, सिख, बौध और जैन शरणार्थियों का इस देश पर उतना ही अधिकार, जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। लेकिन अब तक तुष्टिकरण की नीति के चलते उन्हें भारतीय नागरिकता से विंचित रखा गया। ये शरणार्थी अपना धर्म और परिवार की इज्जत बचाने के लिए, भारत में आए हैं, इसलिए वो किसी के भी विरोध के बावजूद, ऐसे लोगों को भारतीय नागरिकता देने के निर्णय पर अडिग रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 समाप्त करने, सीएए कानून बनाने, साढे पांच सौ साल बाद अयोदध्या में राम मंदिर बनाने, बद्रीनाथ ख्र केदारनाथ पुनर्निर्माण, महाकाल लोक और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर कई एतिहासिक कार्य किए हैं।

## एक नजर .......

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह का जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर सीएम धामी ने किया स्वागत



**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर शनिवार को जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री धामी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर केंद्रीय गृह मंत्री का अभिनंदन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दौरे के दौरान हरिद्वार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे तथा राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

### बोले शाह, उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून से आई पारदर्शिता

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी के तौर पर नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 1900 युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड में अब बिना पर्चा और बिना खर्चा के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। इसके लिए पुष्कर सिंह धामी कठोर नकल विरोधी कानून लेकर आए हैं। जिससे रोजगार के क्षेत्र में पारदर्शिता कायम हुई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि 2027 में हरिद्वार में कुंभ मेला आयोजित होने जा रहा है। हरिद्वार कुंभ आने वाले सभी रिकॉर्ड तोड़ने का काम करेगा। उन्होने केंद्र सरकार की ओर से जारी वाइब्रेंट विलेज योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सीमांत गांवों को प्रथम गांव का सम्मान दिया है। जिसका मुख्य उद्देश्य सीमांत का पलायन रोकना है, उत्तराखंड के लिए यह योजना विशेषकर लाभकारी होने जा रही है।

### हेली शटल सेवा के टेंडर अंतिम दौर में, जल्द शुरू होगी बुकिंग

**देहरादून।** आगामी अप्रैल माह से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा 2026 के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने हेली शटल सेवाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग 8 से 9 प्रतिष्ठित हेली कंपनियां अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी, जिससे केदारनाथ सहित अन्य धामों की यात्रा और भी सुगम हो जाएगी।

श्रद्धालुओं को धोखाधड़ी और कालाबाजारी से बचाने के लिए इस बार भी बुकिंग की कमान भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के हाथों में होगी। यूकाडा के सीईओ डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट heliyatra-irctc-co-in के माध्यम से ही की जाएगी। 19 अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा को देखते हुए जल्द ही ऑनलाइन टिकटों की विंडो खोल दी जाएगी। डॉ. चौहान ने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों, बीमार और दिव्यांग श्रद्धालुओं को प्राथमिकता और बेहतर सुविधा देना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। फर्जी एजेंटों पर लगाम कसने के लिए यूकाडा ने एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। यात्री किसी भी तकनीकी समस्या या बुकिंग संबंधी शिकायत के लिए इस कंट्रोल रूम के कस्टमर केयर नंबर पर सीधे संपर्क कर सकेंगे। प्रशासन ने अपील की है कि यात्री केवल आधिकारिक पोर्टल का ही उपयोग करें ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और पारदर्शी बनी रहे।

# टिहरी लेक फेस्टिवल: पर्यटन के मेले में हरित छाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पर्यटन के मेले में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से गूंज रहा है। राष्ट्रीय खेलों की ही तरह इस आयोजन की थीम के साथ भी पर्यावरण को जोड़ा गया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जबकि टिहरी लेक फेस्टिवल के साथ पर्यावरण का संदेश भी आगे बढ़ रहा है।

■ राष्ट्रीय खेलों की तरह ही इस आयोजन से भी पर्यावरण का ठोस संदेश
■ कार्यक्रम के नाम में पहली बार जोड़ा गया है हिमालयन ओ टू
■ हर बड़े आयोजन के साथ पर्यावरण थीम जोड़ रही सरकार

इस फेस्टिवल का इस बार जो पूरा नाम उभरकर सामने आया है, वो हिमालयन ओ टू टिहरी लेक फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल के नाम के साथ हिमालयन ओटू जोड़ दिए जाने के बाद पर्यावरण की चर्चा भी हो रही है। टिहरी डीएम नितिका खंडेलवाल के अनुसार-इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करते वक्त यह विचार सामने आया कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैले। इसी क्रम में इसके नाम के साथ हिमालय ओ टू को भी जोड़ दिया गया।

दरअसल, राज्य सरकार अपने हर बडे आयोजन के साथ पर्यावरण के संदेश को अनिवार्य रूप से जोड़ कर आगे बढ़ रही है। वर्ष 2025 में हुए राष्ट्रीय खेलों की थीम पर्यावरण पर आधारित रही थी। देश भर में राज्य सरकार की इस पहल की काफी चर्चा हुई थी, जिसमें हरित वन स्थापित करने से लेकर खिलाड़ियों को दिए जाने वाले मेडल और अन्य गतिविधियों में पर्यावरण संरक्षण का खास ख्याल रखा गया था।

> पर्यावरण को लेकर देश-दुनिया में जो चिंता है, उसमें जरूरी है कि हम जागरुकता पर लगातार काम करे । उत्तराखंड से सभी की बहुत ज्यादा अपेक्षाएं हैं। राज्य सरकार भी इस संबंध में अपनी जिम्मेदारी को महसूस करती है। इसलिए बड़े आयोजनों के साथ पर्यावरण की थीम को जोड़ा जा रहा है।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# प्रत्येक ब्लॉक में लगाई जाएगी अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीन: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में चिकित्सा सेवाओं को और अधिक उन्नत बनाने के लिये प्रत्येक विकासखण्ड में अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई जायेगी, ताकि ब्लॉक स्तर पर आम लोगों को अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे की सुविधा मुहैया कराई जा सके। विभागीय अधिकारियों को छह माह के भीतर ब्लॉक स्तर पर अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे पहुंचाने का टारगेट दिया गया है। इसके साथ ही चिकित्सा इकाईयों में रेडियोलॉजिस्ट व एक्स-रे तकनी. शियनों की तैनाती के लिये भी अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।



■ चिकित्सा ईकाइयों में तैनात किए जाएंगे रेडियोलॉजिस्ट व एक्स-रे तकनीशियन
■ डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश छह माह में पूरा करें टारगेट

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को लगातार अपग्रेड करने में जुटी है ताकि आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति एवं मरीजों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये सरकार द्वारा विकासखंड स्तर पर अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत प्रत्येक ब्लॉक में अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को विकासखण्ड स्तर पर उप जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीन के लिये प्रस्ताव बनाकर शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये हैं, साथ ही विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक ब्लॉक में अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीनों उपलब्ध कराने के लिये छह माह का टारगेट दिया गया है। डॉ. रावत ने बताया कि वर्तमान में सभी 95 ब्लॉक में 84 एक्स-रे मशीन व 47 अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपलब्ध हैं। जिसमें अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद में 8-8 एक्स-रे मशीन, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग व चम्पावत में 3-3, चमोली, ऊधमसिंह नगर व पिथौरागढ़ 7-7, देहरादून, हरिद्वार व उत्तरकाशी 6-6, पौड़ी 11 तथा टिहरी के विभिन्न विकासखण्डों में 9 एक्स-रे मशीन उपलब्ध हैं। इसी प्रकार अल्मोड़ा व नैनीताल के विभिन्न विकासखण्डों की चिकित्सा इकाईयों में 3-3 अल्ट्रासाउण्ड मशीनें उपलब्ध हैं। जबकि पौड़ी व ऊधमसिंह नगर में 6-6, चमोली, टिहरी व पिथौरागढ़ में 5-5, उत्तरकाशी व देहरादून में 4-4, चम्पावत व रूद्रप्रयाग में 2-2 तथा बागेश्वर व हरिद्वार के विकासखण्डों में 1-1 अल्ट्रासाउण्ड मशीनें उपलब्ध हैं।

विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि चमोली जनपद के देवाल, घेस, नंदप्रयाग व थराली, देहरादून में चकराता व कालसी विकासखण्डों में जहां अल्ट्रसाउण्ड व एक्स-रे मशीनें नहीं हैं वहां आवश्यकतानुसार मशीने उपलब्ध कराई जायेगी। इसी प्रकार हरिद्वार जनपद के बहदराबाद, भगवानपुर, खानपुर, लक्सर व नारसन में अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपलब्ध कराई जायेगी। पौड़ी के द्वारीखाल, एकेश्वर, कल्जीखाल, नैनीडांडा, पाबौं व रिखणीखाल में अल्ट्रासाउण्ड मशीन जबकि जयहरीखाल, खिर्सू, कोट तथा पोखड़ा में अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे दोनों मशीन उपलब्ध कराई जायेगी। इसी प्रकार अन्य जनपदों के विकासखण्डों में भी अल्ट्रासाउण्ड व एक्स-रे मशीन पहुंचाई जायेगी। डॉ. रावत ने कहा कि सभी विकासखण्डों के चिकित्सा इकाईयों में रेडियोलॉजिस्ट व एक्स-रे तकनीशियनों की तैनाती की जायेगी, जिसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

# बीएनएस: नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड देश में पहले स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत की न्यायिक और कानून प्रवर्तन प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करते हुए, उत्तराखंड ने इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 2.0 के राष्ट्रीय कार्यान्वयन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है'। जनवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, यह गौरवपूर्ण उपलब्धि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दूरदर्शी मार्गदर्शन और तकनीक-आधारित न्याय प्रणाली के उनके संकल्प का प्रतिफल है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के नवीनतम सीसीटीएनएस प्रोग्रेस डैशबोर्ड के अनुसार, उत्तराखंड ने 93.46 के उत्कृष्ट स्कोर के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पांच राज्यों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है, जिसमें उत्तराखंड 93.46 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर है, जिसके बाद हरियाणा 93.41 के स्कोर के साथ दूसरे, असम 93.16 के स्कोर के साथ तीसरे, सिक्किम 91.82 के स्कोर के साथ चौथे और मध्य प्रदेश 90. 55 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर काबिज है।

### प्रमुख सफलता के बिंदु

- **व्यापक प्रशिक्षण:** प्रदेश के 23,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को नए कानूनों की बारीकियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।
- **तकनीकी सुदृढ़ीकरण:** 'न्याय श्रुति' के माध्यम से वर्चुअल अदालती सुनवाई और फॉरेंसिक मोबाइल वैन की उपलब्धता को प्राथमिकता दी गई।

**मुख्यमंत्री धामी का 'मिशन-मोड' क्रियान्वयन:** उत्तराखंड की यह सफलता मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और निरंतर निगरानी का परिणाम है। नए कानूनों-भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं कमान संभाली। मुख्यमंत्री धामी ने शासन के शीर्ष अधिकारियों से लेकर जनपद स्तर के फील्ड अधिकारियों के साथ निरंतर समीक्षा बैठकें कीं। इस श्टॉप-टू-बॉटमश मॉनिटरिंग के कारण ही तकनीकी बाधाओं को समय रहते दूर किया जा सका और पुलिस विभाग नए कानूनी ढांचे के अनुरूप स्वयं को ढालने में सफल रहा।

**वन डेटा, वन एंट्री की कार्यकुशलता:** उत्तराखंड की इस उपलब्धि का आधार आईसीजेएस 2.0 की 'वन डेटा, वन एंट्री' प्रणाली है। इसके तहत पुलिस (सीसीटीएनएस), ई-कोर्ट, ई-जेल, ई-अभियोजन और ई-फॉरेंसिक के बीच डेटा का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित किया गया है।

'एक बार डेटा दर्ज होने के बाद वह सभी संबंधित विभागों को तुरंत उपलब्ध हो जाता है, जिससे कागजी कार्रवाई कम हुई है और मुकदमों के निस्तारण में तेजी आई है।' पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'ई-साक्ष्य' ऐप के माध्यम से अपराध स्थल की वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित संग्रहण अनिवार्य किया गया है। उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता और पुलिस महानिरीक्षक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) सुनील कुमार मीणा ने इस रैंकिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि राज्य ने तकनीकी बुनियादी ढांचे को लागू करने के साथ-साथ रीयल-टाइम डेटा एंट्री में भी रिकॉर्ड स्थापित किया है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं'

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों विशेष रूप से मातृशक्ति को शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति सदैव से परिश्रम, त्याग और समर्पण का प्रतीक रही है। राज्य के विकास और सामाजिक संरचना को मजबूत बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिये निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

## जोशी महारैली के लिए सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं संग पंहुचे हरिद्वार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हरिद्वार में आयोजित "जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल" कार्यक्रम में सहभागिता के लिए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून स्थित अपने कैंप कार्यालय से पार्टी कार्यकर्ताओं को बस द्वारा हरिद्वार के लिए रवाना किया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी स्वयं बस में भारतीय जनता पार्टी परिवार के सदस्यों का हाल-चाल जाना। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय भाव का परिचय दिया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उत्तराखण्ड आगमन से पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का माहौल है। उन्होंने कहा कि "जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल" कार्यक्रम सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के चार वर्ष सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित रहे हैं। इन चार वर्षों में राज्य सरकार ने जनहित में अनेक ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं।

# रैली में जनसैलाब: धामी सरकार के विकास कार्यों पर जनता की मुहर: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में श्जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसालश जनसभा को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बताया है। उन्होंने कहा कि वहां उमड़ा सैलाब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के कामों को लेकर जनता और केंद्रीय नेतृत्व का आशीर्वाद है। पार्टी अब शाह द्वारा 27 में हैट्रिक लगाने के उद्घोष को धरातल पर उतारने में जुटेगी।



■ गृहमंत्री के मार्गदर्शन ने ऐतिहासिक जनसभा को बनाया अभूतपूर्व
■ मिशन 2027 में जीत के शाह घोष को धरातल पर करेगी साकार पार्टी

भट्ट ने कुंभ नगरी में राज्य के विकास और कल्याण के इस उत्सव में श्री शाह की भागेदारी को उत्साहवर्धक और नया जोश भरने वाला बताया। उन्होंने शाह द्वारा की गई 9 सालों के विकास की समीक्षात्मक चर्चा को उत्साह बर्धक बताते हुए कहा इससे स्पष्ट है कि हमारी सरकारें सही दिशा में काम कर रही हैं। उनके मार्गदर्शन का एक एक शब्द प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए उस वचन की भांति है, जिसको पूरा करने के लिए वह प्रतिबद्धता से आगे बढ़ेगा। उनके द्वारा तार्किकता और उदाहरण के साथ 27 में लगातार तीसरी बार चुने जाने की अपील बहुत असरकारक साबित होने वाली है।

भट्ट ने कहा कि यह संतोष की बात है कि राज्य को प्रधानमंत्री मोदी की उद्घाटन से लोकार्पण की विकास नीति पर चलने में हम सफल हुए हैं। उसी क्रम में जिन लगभग 1100 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत श्री शाह द्वारा आज की गई, उन्हें भी भाजपा की सरकार में ही पूर्ण होने का भरोसा दिलाया।

भट्ट ने कहा कि रैली मे उमड़ी भीड़ से यह साबित हुआ है कि जनता धामी सरकार कि विकास नीति से पूरी तरह संतुष्ट है और भाजपा के प्रति उसका विश्वाश मे अधिक प्रगाढ़ता आयी है। निश्चित रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के उद्बोधन से कार्यकर्ता उत्साह से सराबोर हैं। केंद्र के मार्गदर्शन मे राज्य मे अनगिनत विकास कार्यों के लिए जनता भाजपा को हैट्रिक के लिए आशीर्वाद देगी यह निश्चित है।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जीएमएस रोड, देहरादून-248006
दूरभाष 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सीआईएन सं U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट www.ujvnl.com
पत्रांक-193 ई-निविदा सूचना दिनांक- 07/03/2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय) लजवि, मनेरी, उत्तरकाशी इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :
निविदा संख्या : 06/EE(Civil-II)/SHP/Maneri/2025-26
कार्य का नाम – अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय) लजवि, मनेरी हेतु एक अदद नॉन एसी हल्का डीजल (महिन्द्रा बोलेरो और समकक्ष) चालक सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लेना।
अनुमानित लागत. रू0 4,32,000.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि– 09-03-2026 को 17:00 बजे से 12-04-2026 को 17:00 बजे तक
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि–13-04-2026 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय), लजवि, मनेरी, उत्तरकाशी
"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सीआईएन सं U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com
RO No. 198 तिथि विस्तार सूचना-02 Dated : 07/03/2026
अपरिहार्य कारणो से "महाप्रबन्धक (जानपद-अनुरक्षण), व्यासी परियोजना सह महाप्रबन्धक (जानपद) आराकोट त्यूनी एवं त्यूनी प्लासू, डाकपत्थर देहरादून, के प्रयोगार्थ एक नग डीजल वाहन (महिन्द्रा स्कॉर्पियो मॉडल S-11 क्लासिक / स्कॉर्पियो -N या समकक्ष) ड्राइवर सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाने हेतु" आमन्त्रित निविदा सं0 – 21/2025-26/EE(C-M)Vyasi Project, की तिथियां निम्नवत् विस्तारित की जाती हैं।
वैबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की अन्तिम तिथि: 16.03.2026 को 13:00 बजे तक।
मूल रूप मे निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 16.03.2026 को 16:00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि:–17.03.2026 (15:30 बजे प्रात:)
निविदा की अन्य समस्त शर्तें यथावत रहेंगी। निविदा संबधित परिशिष्ट, शुद्धिपत्र अथवा निरस्तीकरण के विवरण की जानकारी निगम वैबसाईट https://www.ujvnl.com से ली जा सकती है।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)
व्यासी परियोजना, डाकपत्थर
"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जीएमएस रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U40101UR2001SGC025866 Website: https://ujvnl.uk.gov.in
पत्रांक 196 अल्पकालीन-निविदा सूचना दिनांक 07.03.2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0)(एसएचपी), यूजेवीएन लि0, ऋषिकेश इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है–
निविदा सं0–23/अ0अ0(वि0/या0)/एसएचपी/ऋषिकेश/2025-26 : जिला-चमोली स्थित उर्गम लघुजलविद्युत (2x1500 कि0 वा0) मे 110 वोल्ट डीसी VRLA बैटरी बैंक एवं डीसीडीबी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग आदि का कार्य।
अनुमानित मूल्य : रू0 8,35,500/– (कर अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 07.03.2026 16:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 24.03.2026 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट https://ujvnl.uk.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0)(एसएचपी), ऋषिकेश
"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

# गृहमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गृहमंत्री अमित शाह को काले झंडे दिखाने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तुलसी चौक पर गिरफ्तार कर लिया। बाद में सभी को छोड़ दिया गया। महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग के नेतृत्व में कार्यकर्ता मायापुर स्थित कार्यालय से काले झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए रैली स्थल बैरागी कैंप की तरफ रवाना हुए। लेकिन तुलसी चौक पर पहले से तैनात पुलिस ने सभी को रोक लिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में धक्का मुक्की भी हुई। इसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि गृहमंत्री देवभूमि हरिद्वार की जनता को बताएं कि देश की संप्रभुता पर अमेरिका द्वारा हमला किया जा रहा है और सरकार चुप क्यों है।



आखिर कब तक देश को अमेरिका चलाने का काम करेगा। अंकिता भण्डारी हत्याकांड के वीआईपी की गिरफ्तारी कब होगी। धर्मनगरी में नशे के अवैध कारोबार से युवाओं को नशे की और धकेला जा रहा है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अपमान क्यों किया जा रहा है। वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा और महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव ने कहा कि गृहमंत्री की रैली में सरकारी तंत्र का इस्तेमाल किया गया। आमजन के रैली से दूरी बनाने पर प्राइवेट कर्मचारियों को जबरन रैली में लाया गया। पार्षद हिमांशु गुप्ता और पार्षद सोहित सेठी ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों को भीड़ एकत्रित करने के लिए लगाया गया। जिससे साफ है उत्तराखंड की जनता भाजपा सरकार को 2027 में उखाड़ फेंकने का काम करेगी। यूथ कांग्रेस नेता उत्कर्ष वालिया, यूथ कांग्रेस पूर्व शहर अध्यक्ष नितिन तेश्वर एनएसयूआई के महानगर अध्यक्ष याज्ञिक वर्मा, वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने कहा कि गृहमंत्री को बताना चाहिए कि प्रधानमंत्री कम्प्रोमाइज क्यों है। इस दौरान यूथ कांग्रेस जिला महासचिव शुभम जोशी, आशु श्रीवास्तव, अरूण चौहान, सतेंद्र वर्मा, सत्यम शर्मा, वरिष्ठ नेता सीपी सिंह, सोनू शर्मा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ट्रेन में सीट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को झांसा देकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो और सदस्यों को जीआरपी ने बिहार के सीतामढ़ी से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर हरिद्वार लाकर कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इनके पास से पीड़ित का मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जीआरपी एसपी अरुणा भारती ने बताया कि यह गिरोह मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के मजदूरों को निशाना बनाता था। गिरोह के सदस्य पीड़ितों से उनकी स्थानीय बोली में बात कर पहले उनका भरोसा जीतते थे और फिर मदद के बहाने ठगी करते थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए ये लोग



हर 5-7 दिन में अपना ठिकाना बदल देते थे। अयोध्या निवासी मनोज कुमार तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 31 दिसंबर 2025 को हरिद्वार स्टेशन पर एक युवक ने खुद को टीटीई का रिश्तेदार बताकर उन्हें ट्रेन में सीट दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने उनका मोबाइल और आधार कार्ड ले लिया और यूपीआई के जरिए उनके खाते से 60,500 रुपये उड़ा लिए। थाना प्रभारी निरीक्षक बिपिन चंद्र पाठक के नेतृत्व में गठित टीम ने जब जांच शुरू की, तो पता चला कि ठगी में इस्तेमाल सिम कार्ड और मोबाइल फोन चोरी के थे। तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने बिहार के सीतामढ़ी जिले में दबिश दी। वहां से आरोपी राजेश कुमार और विपिन कुमार को गिरफ्तार किया गया। इस गिरोह के दो सदस्य पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

# नशा तस्कर दबोचा, 71.26 ग्राम चरस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में चरस की तस्करी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 71.26 ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया





कि एसएसपी के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय थीं। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महिंद्रा कंपनी के सामने खाली पार्क के पास घेराबंदी करते हुए पुलिस ने अनुज कुमार (निवासी कानपुर, यूपी, हाल निवासी नेहरू कॉलोनी, सिडकुल को चरस के साथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 71 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक सुभाष रावत, कांस्टेबल प्रदीप व अनिल कण्डारी शामिल रहे।

## संतों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिया आशीर्वाद

# भव्य व दिव्य स्वरूप में संपन्न होगा हरिद्वार कुंभ मेला : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी व अखाड़ा परिषद के महामंत्री एवं श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्रदास के नेतृत्व में संत गृहमंत्री अमित शाह की रैली में शामिल हुए और उत्तराखंड की भाजपा सरकार के चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई और गृहमंत्री अमित शाह को आशीर्वाद दिया।

रैली संपन्न होने के बाद संतों ने अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले को लेकर बैरागी कैंप स्थित श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा



कि अगले वर्ष होने वाले कुंभ को भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए सरकार द्वारा ढांचागत सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिसका लाभ अखाड़ों, संतों और श्रद्धालुओं को मिलेगा और कुंभ मेला भव्य और दिव्य स्वरूप में संपन्न होगा। श्रीमहंत राजेंद्रदास ने कहा कि धर्म सत्ता के बिना राज सत्ता अधूरी है। संतों के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की देखरेख में उत्तराखंड सरकार के चार साल शानदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने आने वाले कुंभ मेले को दिव्य और भव्य कराने की बात कही है। जिससे संत समाज में हर्ष की लहर है। महंत जसविंदर सिंह, बाबा हठयोगी और महंत रघुवीर दास दास ने कहा कि धामी सरकार के चार साल उपलब्धियों से भरे हैं। केंद्र सरकार की देखरेख में उत्तराखंड सरकार जिस प्रकार भव्य और दिव्य कुंभ कराने के लिए सुविधाओं का विकास कर रही है। उसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बधाई के पात्र हैं। इस दौरान महंत माधव दास, महंत गोविंददास, महंत सूर्यांश मुनि, महंत लंकापति दास, महंत अमित दास, संत बलवीर सिंह सहित कई संत महंत शामिल रहे।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसबी परिसर में शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बता दें परिसर के कला संकाय के सभागार में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल, जीसी गुड़िया लॉ कॉलेज काशीपुर, एचएनबी कालेज खटीमा, आईएमटी काशीपुर तथा वासुदेव लॉ कॉलेज के प्रतिभागी शामिल हुए। इस मौके पर अर्णव, नकुल, मनोज, वाणी, प्रतीक, रेणु, रक्षित, सुनिष्ठ तथा नवराज व मुस्कान ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवा वर्ग के सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ में सहायक है विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बहुत बेहतर विचार प्रस्तुत किए।

इस मौके पर सर्वाधिक अंक हासिल करने पर डीएसबी परिसर नैनीताल को चैंपियनशिप ट्राफी तथा एचएनबी कालेज खटीमा को रनर्स आप ट्राफी प्राप्त हुई।


**आदेशानुसार**

**न्यायालय सिविल जज सी.डि. /लघुवाद न्यायाधीश बिजनौर**

नम्बर मुकदमा 126 सन् 2018

हरिओम शर्मा पुत्र श्री छोटे लाल शर्मा निवासी मौ. भाटान नगर, परगना व जिला बिजनौर

**हरिओम शर्मा बनाम जुबैर आदि**

चिन्टू पुत्र स्व. श्री जग्गूदत्त उर्फ अरविन्द निवासी मौ. भाटान नगर, परगना व जिला बिजनौर हाल निवासी निकट राजा बिस्कुट फैक्ट्री, महादेव पुरम, ज्वालापुर पुलिस चौकी से आगे, कॉलोनी अम्बे विहार हरिद्वार, जिला हरिद्वार

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 9-3-2026 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा जवाब दे सके या जिसके पास कोई सख्श हो हो कि जवाब में ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब. देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहता हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपकी समसुआ और फैसला होगा।

दरख्वास्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से आज बतारीख माह सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

नियत दिनांक:- 09.03.2026

**प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता**
**सिविल जज सी.डि./ लघुवाद न्यायाधीश, बिजनौर**


# युवा कांग्रेस ने ड्रग निरीक्षक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शिवालिक नगर स्थित ड्रग निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कैश खुराना ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। सरकार की मेहरबानी से कुछ अधिकारी वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हर तीन वर्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाता है। लेकिन यह नियम सभी पर लागू नहीं किया जा रहा है। जिसका लाभ उठाकर अधिकारी अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं। युवा कांग्रेस अधिकारियों और सरकार के इसगठजोड़ को जनता बीच लाएगी। राजबीर



सिंह चौहान ने कहा कि सरकार में दिनों दिन भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। अधिकारी मनमानी कर रहे है। कुछ बोलने पर झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है। भाजपा कार्यकर्ता और मंत्री भी अधिकारियों से परेशान हैं। जब तक वर्षों से एक ही स्थान पर टिके अधिकारियों, कर्मचारियों को स्थानांतरित नहीं किया जाता कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी। प्रदर्शन में अमित गुप्ता, अंकुर सैनी, लक्ष्य चौहान, बन्नी ठाकुर, ऋषि कुमार, कान्हा शर्मा, मृत्युंजय पांडे, राहुल शर्मा, मयंक त्यागी, हरजीत मेहरा, विवेक बाबरे, पवन चौहान, आशीष पंवार आदि शामिल रहे।

# दो कानूनगो को पटवारी का दंड

**नैनीताल।** राजस्व अभिलेखीय कार्यों को निजी व्यक्ति से संपादित कराने के गंभीर आरोप सिद्ध होने पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो निलंबित रजिस्ट्रार कानूनगो को पदावनत कर दिया है। उन्होंने अवगत कराया कि विभागीय जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद यह दंडादेश पारित किया गया। प्रशासनिक अभिलेखों के अनुसार रजिस्ट्रार कानूनगो भूपेश चंद और अर्जुन सिंह बिष्ट पर आरोप था कि उन्होंने अपने पद से जुड़े वैधानिक दायित्व निजी एवं अनधिकृत व्यक्तियों से कराए। इस प्रकरण को गंभीर मानते हुए नियमानुसार प्रारंभिक जांच कराई गईए जिसके बाद विभागीय कार्यवाही शुरू की गई। जांच अधिकारी द्वारा दस्तावेजी साक्ष्यों व अभिलेखों और संबंधित व्यक्तियों के बयानों के आधार पर यह तथ्य स्थापित पाया गया कि दोनों कार्मिकों ने राजस्व से जुड़े कार्यों में निजी व्यक्ति की सहायता ली। जांच प्रतिवेदन में आरोपों को पूर्ण रूप से सिद्ध माना गया। कारण बताओ नोटिस के जवाब में संबंधित कार्मिकों ने यह स्वीकार किया कि अधिक कार्यभार और लंबित मामलों के दबाव के कारण उन्होंने निजी व्यक्ति की सहायता ली थी। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कार्यभार किसी भी स्थिति में वैधानिक शक्तियों के हस्तांतरण को वैध नहीं ठहरा सकता। निजी व्यक्ति को राजस्व अभिलेखीय कार्यों में शामिल करना नियमों के विरुद्ध है तथा राजकीय अभिलेखों की गोपनीयता और विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरा है। प्रशासन ने इसे गंभीर कदाचार तथा कर्तव्य में घोर लापरवाही तथा राजकीय शक्तियों के अवैध हस्तांतरण की श्रेणी में माना। दंड निर्धारण के दौरान पद की संवेदनशीलता, कृत्य की गंभीरता और अधिकारियों द्वारा तथ्य स्वीकार किए जाने जैसे पहलुओं पर विचार किया गया। इन परिस्थितियों में प्रशासन ने दोनों कार्मिकों भूपेश चंद और अर्जुन सिंह बिष्ट को उनके वर्तमान पद से पदावनत करते हुए निमन पद एवं वेतनमान पर आसीन किए जाने का दंड दिया है। आदेश के अनुसार यह दंड तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसे सेवा पुस्तिका में अंकित किया जाएगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुरूकुल कांगड़ी विवि में आयोजित होंगी

# शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय में शिक्षिक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दयानंद स्टेडियम में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ विवि की कुलपति प्रो. प्रतिमा मेहता करेंगी। प्रतियोगिता संयोजक सुनील कुमार ने बताया कि शिक्षक तथा शिक्षिकाओं के 50 से कम तथा अधिक आयु वर्ग के दो समूहों मे 100 मीटर दौड (महिलाओं के लिए 50 मीटर) गोला फेंक, 100 मीटर की धीमी साईकल रेस के साथ म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। प्रतियोगिता मे छात्र तथा छात्रायें भी भाग लेंगी। छात्राएं 100 मीटर, 200मीटर, 800 मीटर दौड, गोला फेंक, लम्बी कूद, धीमी साईकल रेस तथा 4 गुना 100 मीटर रिले रेस शामिल में प्रतिभाग करेंगी। जबकि छात्र अन्य प्रतियोगिताएं के साथ 1500 मीटर दौड में भी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें डा.प्रणवीर सिंह, सुनील कुमार तथा डा. बिन्दु मलिक शामिल हैं। सुनील कुमार ने बताया कि महिला तथा पुरूष वर्ग के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता मे ऑन-द-स्पॉट प्रविष्ठियों के माध्यम से भी प्रतिभाग किया जा सकता है।

# गो तस्कर को 50 किलो गोमांस के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने क्षेत्र में गौकशी व अवैध पशु तस्करी करने वालो के खिलाफ चलाये गए अभियान में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को 50 किलोग्राम गौमांस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवंश अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस द्वारा गोकशी अवैध पशु तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में उपनिरीक्षक मुकेश सिंह, कांस्टेबल शिवराज सिंह, राकेश नेगी, नवीन कुमार, के नेतृत्व में मुखबिर के बताए गए स्थान पर गांव ऐथल बुजुर्ग खांड बस्ती की ओर जाने वाले चकरोड पर स्थित ट्यूवेल के पास से एक व्यक्ति को 50 किलोग्राम गोवंसिय मांस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जहूर हसन



39वर्ष पुत्र लियाकत निवासी ऐथल बुजुर्ग बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवंश अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक व्यक्ति को 50 किलोग्राम गौमांस के साथ गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# चाकू समेत दबोचा

**हरिद्वार।** कोतवाली लक्सर पुलिस ने एक आरोपी को चाकू समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकद्मा दर्ज किया गया है। एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान लकसर पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान आकाश गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता निवासी राजा गार्डन जगजीतपुर थाना कनखल को चाकू के साथ दबोच लिया। पुलिस टीम में कांस्टेबल मनोज शर्मा व होमगार्ड शुभम शामिल रहे।

# गंगा आरती में शामिल हुई टीवी व बॉलीवुड अभिनेत्री हेली दारूवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार आयी टीवी और बॉलीवुड अभिनेत्री हेली दारूवाला ने हरकी पैड़ी पहुंचकर मां गंगा के दर्शन किए और गंगा आरती में शामिल हुई। नागिन 3, यह रिश्ता है प्यार का, दास्ताने मोहम्मद, सलीम अनारकारी आदि पॉपुलर टीवी शो में अपने शानदार अभिनय से पहचान बनाने वाली हेली



दारूवाला दम काटा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कई टेलीविजन शो ओर फिल्मों में काम कर चुकी हेली दारूवाला ने अपने अभिनय कैरियर की शुरूआत टीवी शो लव यू जिंदगी से की थी। उत्तराखंड में शूटिंग के लिए आयी हेली दारूवाला शुक्रवार को हरिद्वार पहुंची और हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन दर्शन और आरती में शामिल हुई। उन्होंने कनखल स्थित दक्ष महादेव मंदिर में भी दर्शन किए।

तीर्थ पुरोहित उज्जवल पंडित ने बताया कि अध्यात्म में विश्वास रखने वाली हेली दारूवाला को मां गंगा से गहरा लगाव है। इसलिए जब वे उत्तराखंड में शूटिंग के लिए आयी तो हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में शामिल हुई। टेलीविजन और फिल्मों में काम कर चुकी है। हेली दारूवाला के हरकी पैड़ी पहुंचने पर लोगों की भीड़ लग गई। युवाओं ने जमकर उनके साथ सेल्फी ली।

# सोलानी नदी संरक्षण अभियान 20 गांव तक पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सोलानी नदी संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीपल्स साइंस इंस्टीट्यूट (पीएसआई), देहरादून द्वारा उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (क्षेत्रीय कार्यालय, रुड़की) के सहयोग से नारसन ब्लॉक के ग्राम शिकारपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही 5 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत हरिद्वार जनपद के 20 गाँवों में जन-जागरूकता गतिविधियाँ सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, शिकारपुर में किया गया, जिसमें लगभग 100 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रुड़की के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ.



राजेंद्र सिंह कठैत तथा पीएसआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिल गौतम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों को विद्यालयों में स्वच्छता (WASH), सूक्ष्म-प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, ठोस कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, आधुनिक सिंचाई तकनीक (ड्रिप और स्प्रिंकलर), जैविक खेती तथा सिंगल-यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. राजेंद्र सिंह कठैत ने कहा कि नदियाँ केवल पानी का स्रोत नहीं हैं, बल्कि जीवन को संवारने और संरक्षित करने का आधार भी हैं। इसलिए इनके संरक्षण में समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। वहीं डॉ. अनिल गौतम ने कहा कि जिस प्रकार शरीर में नसों का जाल रक्त संचार को बनाए रखता है, उसी तरह नदियां धरती पर जीवन के प्रवाह को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) पोस्टर लगाए गए तथा अध्ययन सामग्री वितरित की गई। अंत में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने 'पर्यावरण रक्षक' बनने की सामूहिक शपथ भी ली। शिकारपुर में आयोजित कार्यक्रम का संचालन पीएसआई टीम के सदस्य डॉ. इकबाल अहमद, प्रेम नारायण, प्रियांशु गुप्ता, मोहम्मद तासिफ हुसैन और उपलक्ष सैनी द्वारा किया गया। यह अभियान सोलानी नदी के संरक्षण के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और नदी के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार । मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांक:- 2002/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 07.03.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर से नयी विद्युत लाईन निर्माण करने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 08.03.2026 /रविवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, सराय, ईक्कड कलां, ईक्कड खुर्द, दुर्गा विहार, विष्णुलोक एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 गंगा प्रदूषण | | | गंगा प्रदूषण एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 मनचन्दा | | | मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा० लि०। |
| 02 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 09.03.2026 /सोमवार | | राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, सराय, ईक्कड कलां, ईक्कड खुर्द, दुर्गा विहार, विष्णुलोक एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 गंगा प्रदूषण | | | गंगा प्रदूषण एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| 03 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 10.03.2026 /मंगलवार | | राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, सराय, ईक्कड कलां, ईक्कड खुर्द, दुर्गा विहार, विष्णुलोक एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 गंगा प्रदूषण | | | गंगा प्रदूषण एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

"विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं"
Toll free No- 1800-419-0405

"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"

# हिमालयन ओ2 टिहरी लेक फेस्टिवल में आगराखाल कसमोली ट्रैकिंग का शुभारंभ, 50 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**गौरतलब है कि आगराखालदृकसमोली ट्रैक उत्तराखंड के टिहरी जनपद में स्थित एक सुंदर और उभरता हुआ ऑफबीट ट्रैकिंग डेस्टिनेशन है**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कोटी कॉलोनी, टिहरी में साहसिक खेलों, पर्यटन, पर्यावरण और संस्कृति के संदेश के साथ आयोजित "हिमालयन ओदृ2 रू द टिहरी लेक फेस्टिवल" के दूसरे दिन हिमालय के सुंदर ट्रैकिंग मार्गों से परिचित कराने के उद्देश्य से आगराखालदृकसमोली ट्रैकिंग का शुभारंभ किया गया।

इस ट्रैकिंग कार्यक्रम को उपजिलाधिकारी नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल तथा डीएफओ नरेंद्रनगर दिगंत नायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगराखाल से कसमोली तक आयोजित इस ट्रैकिंग में लगभग 50 सदस्यों का संयुक्त दल शामिल हुआ, जिसमें वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। लगभग 3.5 किलोमीटर लंबा यह ट्रैक घने बांज और बुरांश के जंगलों के बीच से होकर गुजरता है, जिसने प्रतिभागियों को प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य का अनूठा अनुभव कराया। इस अवसर पर डीएफओ नरेंद्रनगर दिगंत नायक ने कहा कि नरेंद्रनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आगराखालदृकसमोली ट्रैकिंग रूट अत्यंत सुंदर और स्वच्छ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं रखता है। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ग्राम प्रधान कसमोली मंजू रमोला ने कहा कि यह ट्रैक स्वच्छता की दृष्टि से अत्यंत साफ-सुथरा है। उन्होंने ट्रैकिंग के लिए आने वाले सभी पर्यटकों से अपील की कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इसके लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कूड़ादान भी लगाए गए हैं, ताकि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखा जा सके।

ट्रैकिंग में शामिल स्थानीय युवती मनीषा कंडारी ने कहा कि यह क्षेत्र का अत्यंत सुंदर और स्वच्छ ट्रैक है तथा ऐसे ट्रैकिंग मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर तहसीलदार नरेंद्रनगर अयोध्या प्रसाद उनियाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी किशोर नौटियाल, वन क्षेत्राधिकारी शिवपुरी रेंज विवेक जोशी, वन दारोगा आयुष तिवारी, वन दारोगा अंजलि डबराल, वन बीट अधिकारी निशा धनोला, गौरव पुरोहित, विनोद सिंह, चौकी प्रभारी आगराखाल आमिर खान, घनश्याम, पूर्व जिला पंचायत दयाल सिंह रावत, अध्यक्ष व्यापार मण्डल आगराखाल डॉ धर्मानंद रतूड़ी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल टिहरी सुरेंद्र सिंह कण्डारी, महामंत्री व्यापार मंडल विकास रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य बीना रमोला, ग्राम प्रधान कसमोली मंजू रमोला, कैम्प मेघाचल दिनेश कुमार, पूर्व प्रधान कसमोली मदन चंद्र रमोला, दरमियान सिंह रमोला, वनकर्मी, सहित वनकर्मी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विकास के मुद्दों पर ध्यान दें, न कि धर्म के नाम पर राजनीति : प्रदीप

**धर्म के नाम पर समाज को बाँटने का प्रयास कर रही भाजपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विकास के नाम पर विफल रही है और जनता को निराशा ही हाथ लगी है। कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि क्या इन सम्मेलनों में पहाड़ की बहू-बेटियों की सुरक्षा की बात हुई? क्या बहन अंकिता भंडारी के हत्यारों को सख्त सजा दिलाने की मांग उठाई गई

उत्तरकाशी जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप रावत ने कहा कि कहा है कि आजकल जनपद में जगह-जगह तथाकथित हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में विकास के नाम पर जनता को निराशा ही हाथ लगी है। सड़क, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों पर प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है तथा उत्तरकाशी में भ्रष्टाचार चरम पर पहुँच चुका है।

जिला कांग्रेस कमेटी का कहना है कि जब विकास के नाम पर जनता का समर्थन मिलना कठिन दिखाई दे रहा है, तब कुछ लोग धर्म के नाम पर समाज को बाँटने का प्रयास कर रहे हैं। पहाड़ की शांत वादियों में भोले-भाले पहाड़ी भाइयों को यह कहकर डराया जा रहा है कि यदि वे सत्ता में नहीं आए तो हिंदू धर्म खतरे में पड़ जाएगा।कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि क्या इन सम्मेलनों में पहाड़ की बहू-बेटियों की सुरक्षा की बात हुई? क्या बहन अंकिता भंडारी के हत्यारों को सख्त सजा दिलाने की मांग उठाई गई? आखिर क्यों अब तक दोषियों को बचाने की कोशिशें होती रही हैं?

उत्तरकाशी जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि सनातन धर्म की मूल भावना सत्य, न्याय, करुणा और समस्त विश्व के कल्याण की है, लेकिन कुछ लोग धर्म के नाम पर समाज को बाँटने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि क्या इन मंचों से ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के मुद्दे पर कोई आवाज उठाई गई, या फिर इन आयोजनों का उद्देश्य केवल आगामी चुनावों के लिए धार्मिक भावनाओं को भड़काना भर है।

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर समाज को बाँटने का प्रयास कर रही।-विकास, रोजगार और जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के लिए राजनीतिक दल बदलना उतना ही आसान हो गया है जितना कपड़े बदलन।

# माखटी पोखरी में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' शिविर का आयोजन

**किसानों को वितरित की गई बीमा पॉलिसियां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** माखटी पोखरी में शनिवार को एआईसी ऑफ इंडिया (भारतीय कृषि बीमा कंपनी) की ओर से माखटी पोखरी केंद्र में "मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" कार्यक्रम के अंतर्गत एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में खत शैली और खत मंजियारना क्षेत्र के लगभग 20-25 गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी अच्छी भागीदारी देखने को मिली।

शिविर के दौरान भारतीय कृषि बीमा कंपनी के चकराता ब्लॉक प्रतिनिधि अजय चौहान और ऋषभ रावत द्वारा रबी फसल वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों द्वारा कराए गए फसल बीमा की पॉलिसियां किसानों को वितरित की गईं।

इस अवसर पर किसानों को बीमा योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ब्लॉक प्रतिनिधि अजय चौहान समय-समय पर क्षेत्र में बैठकों के माध्यम से एआईसी ऑफ इंडिया की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाते रहते हैं।

उनकी कार्यशैली से क्षेत्र के लोग काफी प्रभावित हैं और किसान भी इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस मौके पर डॉ. संजीव चौहान (नेताजी), डॉ. गोपाल दास, दीनदयाल, सुनील चौहान, ऋषभ तोमर, विकास खन्ना, सविता देवी, रेखा देवी, सलारी देवी, सुनीता, अजली, ब्लॉक प्रतिनिधि अजय चौहान, ऋषभ रावत तथा उद्यान विभाग के सुपरवाइजर नरेश चौहान सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# ध्रुव चौहान ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सेपियंस स्कूल का किया नाम रोशन

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर के छात्र ध्रुव चौहान ने 'राष्ट्रीय वालीबाल खेल प्रतियोगिता' 2026 में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पश्चिमी बंगाल में 6 मार्च को किया गया था। ध्रुव चौहान ने उत्तराखण्ड टीम के नेतृत्व में कुल 9 मैच खेले और पूरे भारत की 30 टीमों में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। धुव चौहान के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, रशिता सपरा, स्कूल प्रशासिका बेबी राठौर, एसएपी नंदी बिष्ट, अश्विनी कुमार, सुमालती उनियाल एवं समस्त शिक्षकों ने प्रशिक्षक बीएस राय, संजय चौहान, सतीश चौहान, सूरज चौहान का आभार व्यक्त किया।

# बिना अनुमति सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** वन प्रभाग रिखनाड रेंज के अंतर्गत लाखामंडल क्षेत्र के ग्राम गुठाड़ की जेन्दऊ छानी में बिना अनुमति सड़क निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, जिससे न केवल वन क्षेत्र को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।



मामले को लेकर वन विभाग ने संयुक्त निरीक्षण कर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।संयुक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार 6 मार्च 2026 को वनक्षेत्राधिकारी रिखनाड रेंज विनोद चौहान के नेतृत्व में विभागीय टीम ने गुठाड़ गांव क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खसरा संख्या 406, 418, 419, 419/2 और 418/30 के आसपास बिना अनुमति सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कुछ पेड़ों की कटाई और वन भूमि को नुकसान पहुंचाने की बात भी सामने आई है।वन विभाग के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा कार्य में बाधा डाली गई तथा जेसीबी मशीन को भी रोक दिया गया। इस दौरान लगभग 25दृ30 लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई, जिसके कारण सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सरकारी कार्य प्रभावित रहा। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी विनोद चौहान ने थाना चकराता में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मौके पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा सड़क निर्माण कार्य का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई।वहीं प्रभागीय वन अधिकारी चकराता वैभव कुमार ने दूरभाष पर बताया कि बिना अनुमति वन भूमि में सड़क निर्माण करना और पेड़ों की कटाई करना पूरी तरह अवैध है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जो भी व्यक्ति पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर .......

### वन विभाग के अधिकारी पर पथराव व सरकारी कार्य में बाधा

**शाह टाइम्स संवाददाता ( चकराता )।** चकराता क्षेत्र में वन विभाग के एक अधिकारी के साथ अभद्रता, पथराव और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली चकराता में 13 नामजद व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 मार्च 26 को वन क्षेत्राधिकारी रिखनाड में तैनात विनोद चौहान पुत्र सोवेन्द्र सिंह ने चौकी लाखामंडल में लिखित तहरीर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि ग्राम म्यूढ़ा, भाटिया नौगांव, नाडा और गुठाड़ के कुछ लोगों ने एक राय होकर उनके साथ सरकारी कार्य में बाधा डाली, गाली-गलौच की और पत्थरों से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली चकराता में 7 मार्च को युद्धवीर सिंह चौहान, अतर सिंह, कुलदीप, नारायण सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान, हुकुम सिंह स्याणा, देवेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, शंकर रावत, शूरवीर सिंह राणा, दीवान सिंह और अशोक सजवाण के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 189(1), 195(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना उपनिरीक्षक युद्धवीर सिंह, कोतवाली चकराता द्वारा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चालदा महाराज के आगमन को लेकर बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता ( कालसी )।** ब्लॉक प्रमुख सावित्री चौहान की अध्यक्षता में कालसी ब्लॉक सभागार में श्री चालदा महाराज जी के आगमन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं खत कोरु के गणमान्य व्यक्तियों जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग, उरेडा, पुलिस विभाग, फायर ब्रिगेड तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी और कार्यक्रम को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष सीताराम चौहान, उपाध्यक्ष विरेंद्र चौहान, पूर्व कनिष्ठ उप प्रमुख स्वराज चौहान, राजवीर सिंह राठौड़ (प्रदेश उपाध्यक्ष, जनजाति मोर्चा), भारत चौहान (प्रदेश महामंत्री, जनजाति मोर्चा), पूरन खन्ना (सचिव, मंदिर समिति), बारू चौहान (कोषाध्यक्ष, मंदिर समिति), श्याम सिंह राठौड़, केसर सिंह चौहान, शमशेर सिंह चौहान, अनिल राठौर, राजेन्द्र चौहान, राजेन्द्र चौहान (आस्टा), कुंवर सिंह चौहान, चंदन सिंह चौहान (प्रधान, गांगरोऊ खत कोरू) सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।बैठक में सभी ने मिलकर चालदा महाराज जी के आगमन के अवसर पर क्षेत्र में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया।

### लाड़ी पहलवान दिल्ली ने जीती कुश्ती

**विकासनगर।** बारोटीवाला में दंगल का आयोजन किया गया जिसमें मेरठ दिल्ली बरेली हरियाणा से आए हुए पहलवानों ने हिस्सा लिया। आज की फाइनल कुश्ती लाड़ी पहलवान दिल्ली ने जीती। इस मौके पर समाज सेवी मोहित शर्मा ने दंगल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पहलवानों में मगन, जितेन्द्र, विजय थपलियाल, उमेश बरोटीवाला शहजाद बेहट, बाबा फकीर पहलवान, बाबा लसड़ी मोंटी पहलवान, वकार पहलवान, हीरा पहलवान आदि मौजूद रहे।

# टिहरी झील महोत्सव में साहसिक गतिविधि 59 प्रतिभागियों ने पूरा किया 8 किमी पैदल ट्रैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी झील महोत्सव के दूसरे दिन के निर्धारित कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रतापनगर क्षेत्र में दैंतखाल से पीढ़ी तक लगभग 8 किलोमीटर (आनादृजाना) का पैदल ट्रैक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह ट्रैक प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांच से भरपूर रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस ट्रैकिंग कार्यक्रम में कुल 59 सदस्यों के दल ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक वापसी की।

ट्रैकिंग के दौरान प्रतिभागियों को मार्ग में घने वनों की हरियाली, मनमोहक प्राकृतिक दृश्य तथा हिमालय की विहंगम पर्वत श्रृंखलाओं के आकर्षक दर्शन हुए, जिससे ट्रैकिंग का अनुभव और भी यादगार बन गया। प्रतिभागियों ने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन पर्यटन तथा साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस ट्रैकिंग कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी देवी, ग्राम प्रधान गम्भीर सिंह, आरती देवी सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। टिहरी लेक फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित इस प्रकार की साहसिक गतिविधियों का उद्देश्य जनपद की प्राकृतिक धरोहर, पर्यटन संभावनाओं तथा साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहित करना है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक टिहरी गढ़वाल की ओर आकर्षित हों।

# हर बड़े आयोजन के साथ पर्यावरण थीम जोड़ रही सरकार

**नई टिहरी।** पर्यटन के मेले में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से गूंज रहा है। राष्ट्रीय खेलों की ही तरह इस आयोजन की थीम के साथ भी पर्यावरण को जोड़ा गया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जबकि टिहरी लेक फेस्टिवल के साथ पर्यावरण का संदेश भी आगे बढ़ रहा है।इस फेस्टिवल का इस बार जो पूरा नाम उभरकर सामने आया है, वो हिमालयन ओ टू टिहरी लेक फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल के नाम के साथ हिमालयन ओटू जोड़ दिए जाने के बाद पर्यावरण की चर्चा भी हो रही है। टिहरी डीएम नितिका खंडेलवाल के अनुसार-इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करते वक्त यह विचार सामने आया कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैले। इसी क्रम में इसके नाम के साथ हिमालय ओ टू को भी जोड़ दिया गया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चकराता में सर्पदंश के प्रति जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता क्षेत्र में सर्पदंश (सांप काटने) की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, देहरादून के सौजन्य से 'प्रयास जागरूकता मंच' की टीम द्वारा एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक गीतों और कहानियों के माध्यम से ग्रामीणों को सांप काटने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।



कार्यक्रम का नेतृत्व विशाल सावन ने किया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय के जरिए लोगों को बताया कि सर्पदंश की स्थिति में अंधविश्वास, झाड़-फूंक या झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में पड़ने के बजाय तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचना चाहिए, ताकि समय पर उचित उपचार मिल सके और कीमती जान बचाई जा सके।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि "झाड़-फूंक और अंधविश्वास को छोड़ें, सांप काटने पर सीधे सरकारी अस्पताल पहुंचें।" कलाकारों ने ग्रामीणों से वैज्ञानिक सोच अपनाने और चिकित्सकीय परामर्श पर भरोसा करने की अपील की।

कार्यक्रम में प्रयास जागरूकता मंच की टीम के कलाकार विशाल सावन, नितेश, जसपाल, राकेश, गायत्री, अंशिका और सुनील ने अपनी बेहतरीन अदाकारी और संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने भी इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय पहल बताया।

# महिला सशक्तिकरण पर डाकपत्थर महाविद्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में एक प्रेरणादायी विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व को समझाना तथा युवाओं में जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विजय बहुगुणा ने अपने संबोधन में कहा कि महिला और पुरुष समाज रूपी रथ के दो पहिए हैं। यदि दोनों में संतुलन और समानता होगी, तभी समाज और राष्ट्र का समुचित विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज के समय में महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति और अन्य अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यह बदलते समाज की सकारात्मक तस्वीर है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और सहयोग की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।गोष्ठी में महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं डॉ. नीलम ध्यानी, डॉ. दीप्ति बगवाड़ी, डॉ. माधुरी रावत, डॉ. सीमा पुंडीर, डॉ. मीनाक्षी राणा तथा पूजा देवी ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिन मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह समाज की सोच और व्यवहार का स्थायी हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एस. नेगी ने की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज में महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान ने किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुंचाने और महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

# अवादा फाउंडेशन ने सरस्वती विद्या मंदिर को समर्पित की स्कूल बस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित अवादा फाउंडेशन ने आज उत्तराखंड के शैक्षिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जोड़ते हुए सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेमनगर मांडूवाला को 42-सीटर स्कूल बस भेंट की। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक शैलेंद्र, सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर उपस्थित रहे, जिन्होंने अवादा फाउंडेशन के इस सेवा भाव की सराहना की। प्रांत प्रचारक शैलेंद्र ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। समारोह में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल, प्रबंधक कैलाश मैलाना, प्रधानाचार्य राकेश मैन्दोला, पृथ्वीकुल के निदेशक अभिषेक वर्मा , शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शालिनी धीमान ने किया।

# प्राध्यापिकाओं को जौनसारी ढांटू भेंट कर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापिकाओं और महिला कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पारंपरिक जौनसारी ढाँटू भेंट कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने महाविद्यालय में कार्यरत महिला प्राध्यापिकाओं डॉ. शशिकला, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रेनू देवी, आशा सिंह, रेखा, सुरभि वर्मा, खुशी बिष्ट और गीता देवी को सम्मानित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं शोध कार्यों में महिलाएँ नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्राओं की संख्या संतोषजनक है, । इस अवसर पर प्राध्यापक प्रदीप कुमार, रिंकूदास भारती, वरुण प्रसाद सेमवाल, भरत सिंह शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में गम्भीर सिंह, साहिल राय, गम्भीर तोमर, मुकेश तोमर, रितेश चौहान एवं नरेश चौहान उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माणों के खिलाफ एमडीडीए ने की सख्त कार्रवाई

**■ सहस्त्रधारा रोड व एकता विहार में अवैध निर्माण किए गए सील**
**■ प्राधिकरण की चेतावनी, शहर में बिना अनुमति निर्माण कार्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सख्त रुख अपनाते हुए सहस्त्रधारा रोड क्षेत्र में एक अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण के संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एकता विहार क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के बनाए जा रहे भवन को सील कर दिया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि शहर में बिना अनुमति निर्माण कार्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



एमडीडीए की टीम द्वारा की गई जांच में पाया गया कि सहस्त्रधारा रोड स्थित एकता विहार, लेन नंबर-16 ए, देहरादून में भवन स्वामी रिमी अरोड़ा द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के निर्माण कार्य कराया जा रहा था। नियमानुसार प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना उत्तराखंड नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। प्राधिकरण द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित भवन स्वामी को नियमानुसार नोटिस जारी किया गया था। हालांकि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब अथवा मानचित्र स्वीकृति प्रस्तुत नहीं की गई। इसके बाद प्राधिकरण ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया।

कार्रवाई के दौरान एमडीडीए की टीम मौके पर मौजूद रही और विधिक प्रक्रिया के तहत सीलिंग की कार्रवाई पूरी की गई। इस दौरान सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता विदिता कुमारी तथा संबंधित सुपरवाइजर मौके पर उपस्थित रहे और पूरी कार्रवाई को नियमानुसार संपन्न कराया। एमडीडीए ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना दंडनीय है। प्राधिकरण द्वारा ऐसे मामलों में सीलिंग, ध्वस्तीकरण और अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। प्राधिकरण ने आम नागरिकों और भवन स्वामियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले प्राधिकरण से विधिवत मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें। नियमों का पालन करना शहर के सुनियोजित विकास और नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर लगातार रखी जा रही निगरानी : बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान जहां भी बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य पाया जाता है, वहां नियमानुसार नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि सहस्त्रधारा रोड स्थित अवैध निर्माण के मामले में भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भवन को सील किया गया है। सचिव ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि भवन निर्माण शुरू करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस की नीति- तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि देहरादून सहित प्राधिकरण क्षेत्र में तेजी से हो रहे शहरी विस्तार को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि सभी निर्माण कार्य नियमानुसार और स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जाने वाले निर्माण न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इससे शहर के सुनियोजित विकास, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एमडीडीए द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाए जा रहे हैं और जहां भी अवैध निर्माण की सूचना प्राप्त होती है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाती है। उपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि वे भवन निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि शहर के सुव्यवस्थित और सुरक्षित विकास के लिए सभी को नियमों का पालन करना आवश्यक है।

# जिला मुख्यालय के होटल में महिला का शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग में दो दिनों के भीतर तीन लोगों की मौत की घटनाओं से पूरे जिले में सनसनी फैल गई है। शनिवार देर सायं जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वहीं, बीते दिन तिलवाड़ाखसुमाड़ी क्षेत्र में एक महिला और एक बच्चे के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई थी।

जानकारी के अनुसार शनिवार को रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय के एक होटल के कमरे में महिला का शव मिलने की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि महिला होटल में दो अन्य लोगों के साथ आई थी।

घटना सामने आने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना के बाद से महिला के साथ आए दोनों लोग फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इधर, बीते 6 मार्च को तिलवाड़ाखसुमाड़ी क्षेत्र में नेपाली मूल की एक महिला और एक बच्चे के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। स्थानीय लोगों ने नाले के पास शव देखे, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक महिला नेपाली मूल की बताई जा रही है। घटना के बाद से महिला का पति अचानक लापता बताया जा रहा है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और लापता पति की तलाश के लिए भी अभियान चला रही है। दोनों मामलों में पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# घातक बीमारियों में आयुष्मान से उपचारित हुई 3.49 लाख महिलाएं

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण व मातृशक्ति के स्वास्थ्य रक्षा के प्रयासों में आयुष्मान योजना भूमिका में बेहद अहम रही है। प्रदेश में आयुष्मान की निशुल्क उपचार सुविधा की मदद से तीन लाख से अधिक महिलाओं ने कैंसर कैटरेक्ट, ब्रेस्ट कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को परास्त किया है।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने बताया कि उत्तराखंड में एक साल में 3.49 लाख से अधिक महिला लाभार्थियों ने कैंसर समेत अन्य घातक ब्याधियों के उपचार के लिए आयुष्मान योजना की निशुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठाया है।



घातक बीमारियों के कुल प्रतिशत को देखा जाए तो 48.02 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांति है जिसने प्रत्येक लाभार्थी को उपचार खर्च की चिंता से मुक्त किया है। अब आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थी भी निसंकोच होकर आयुष्मान के अंतर्गत किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में जाकर निशुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। और ब्याधियों से छुटकारा पा रही हैं। महिला दिवस के अवसर एसएचए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रदेश की सभी मातृशक्ति से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व जरूरत पड़ने पर आयुष्मान योजना की निशुल्क उपचार सुविधा की जानकारियों को लेकर जागरूक रहने की अपील की।

**महिलाओं की गंभीर ब्याधियों का हुआ निदान**

| बीमारी | उपचारित लाभार्थी |
|---|---|
| कैंसर | 20556 |
| गॉल ब्लाडर | 27456 |
| कैटरैक्ट | 65342 |
| डायलिसिस | 34602 |
| ब्रेस्ट कैंसर | 7596 |
| हाइस्टैरैक्टॉमी | 9280 |
| जनरल मेडिसिन | 169663 |
| आर्थोपैडिक्स | 15485 |
| कुल | 349980 |

# शाह ने फुल नंबर देकर थपथपाई सीएम धामी की पीठ

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को राज्य सरकार के चार साल बेमिसाल उत्सव के तहत हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

गृह मंत्री शाह ने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की फुल नंबर देकर पीठ थपथपाई। इतना ही नहीं कार्यक्रम में आये अपार जनसमूह को सम्बोधित करने के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखण्ड की सभी समस्याओं को चुन-चुन कर समाप्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा की इस कारण उत्तराखण्ड अब दोगुनी स्पीड से विकास के रास्ते पर बढ रहा है। अमित शाह के इन शब्दों ने उन चर्चाओं पर विराम लगाने का काम कर दिया जिसके तहत गाहे बगाहे सीएम बदलने की चर्चा होती रही है। हरिद्वार में हुए कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री धामी की जो बॉन्डिग नजर आयी उसने विपक्ष और मुख्यमंत्री धामी के विरोधियों को भी यह साफ संदेश दे दिया कि मुख्यमंत्री पूरी तरह सेफ हैं। हरिद्वार दौरे के दौरान अमित शाह ने कई बार मुख्यमंत्री धामी की खुलकर तारीफ की और उत्तराखण्ड में उनके कार्यों को भी सराहा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में तेज गति से तरक्की हो रही है। पहले बिना रिश्वत नौकरी नहीं मिलती थी अब बिना रिश्वत नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब न सिफारिश और न रिश्वत चल रही है। योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है धामी सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई है। अमित शाह ने राज्य सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा की धामी सरकार उत्तराखण्ड में यूसीसी लेकर आयी। उत्तराखण्ड देश भर में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना है जो बडी उपलब्धि है। इतना ही नही राज्य सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून भी लागू किया। जिस तरह केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री धामी के कार्यों को सराहा और कई बार तारीफ की उससे यह बात साफ हो गई कि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्रीं बदलने की कोई चर्चा चलने वाली नहीं है। पूरे कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री धामी की जबरदस्त बॉन्डिग देखने को मिली। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लगभग 1130 करोड की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में शाह ने मुख्यमंत्री धामी के भाषणों पर आधारित पुस्तक विकल्प रहित संकल्प का भी विमोचन कर एक और सकारात्मक संदेश देने का काम किया। कुल मिलाकर केन्द्रीय गृह मंत्री शाह हरिद्वार दौर में फुल नंबर देकर सीएम धामी की जमकर पीठ थपथपा गए।



### शानदार भीड़ ने किया गृहमंत्री का स्वागत

'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मंच पर पहुं. चने पर जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। आयोजन में महिलों और युवाओं की विशेष उपस्थिति रही, पूरे प्रदेश भर से लोग आयोजन के लिए हरिद्वार पहुंचे। उत्साहित जनसमुदाय की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने विस्तार से अपनी बात रखी। पूरा कार्यक्रम बेहद अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।

# श्री दरबार साहिब में गुरु मंत्र पाकर धन्य धन्य हुई संगतें

**■ श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज रविवार सुबह करेंगे विशेष पूजा अर्चना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गुरु की नगरी देहरादून इन दिनों श्रद्धा, आस्था और भक्ति के रंगों में सराबोर है। प्रेम, सद्भावना और भाईचारे का प्रतीक ऐतिहासिक श्री झण्डाजी मेला इस वर्ष भी पूरे भव्य और दिव्य स्वरूप में आयोजित हो रहा है। दरबार श्री गुरु राम राय महाराज परिसर में देश-विदेश से पहुंच रही संगतों की भारी भीड़ उमड़ रही है और चारों ओर जयकारों, सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। दरबार श्री गुरु राम राय महाराज वह पावन स्थल है जहाँ आने वाली संगतों और श्रद्धालुओं की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं। वर्ष भर देश-विदेश से श्रद्धालु इस पावन अवसर की प्रतीक्षा करते हैं। इस वर्ष भी लाखों की संख्या में संगतें और श्रद्धालु देहरादून पहुँच चुके हैं। नगरवासियों द्वारा गुरु की प्यारी संगतों का पूरे सम्मान और आदर-सत्कार के साथ स्वागत किया जा रहा है। गुरु की नगरी देहरादून संगतों के आगमन से निहाल और आनंदित दिखाई दे रही है।

रविवार को सुबह 7 बजे से झण्डेजी को उतारने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से 4 बजे के मध्य दरबार श्री गुरु राम राय महाराज के सज्जादे गद्दीनशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुआई में पवित्र झण्डेजी का विधिवत आरोहण किया जाएगा। वहीं 10 मार्च को ऐतिहासिक नगर परिक्रमा आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में संगतों की सहभागिता रहेगी।

काबिलेगौर है कि ऐतिहासिक झण्डाजी मेले में शीश नवाने और श्री गुरु राम राय महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु देहरादून पहुँचते हैं।

मेले की भव्यता और सुव्यवस्था को देखते हुए झण्डाजी मेला आयोजन समिति ने शनिवार देर शाम तक सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। श्री झण्डा जी आरोहण स्थल सहित पूरे परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं।



### झण्डेजी मेले का यह है ऐतिहासिक महत्व

सिखों के सातवें गुरु श्री गुरु हर राय के बड़े पुत्र श्री गुरु राम राय महाराज का जन्म सन् 1646 ई. में पंजाब के जिला होशियारपुर स्थित कीरतपुर में हुआ था। बाद में उन्होंने देहरादून को अपनी तपस्थली बनाया। यहाँ श्री दरबार साहिब में लोक-कल्याण के संदेश के साथ एक विशाल ध्वजदण्ड स्थापित कर श्रद्धालुओं को ध्वज के माध्यम से आशीर्वाद प्राप्त करने की प्रेरणा दी। परंपरा के अनुसार हर वर्ष होली के पाँचवें दिन चौत्रवदी पंचमी को श्री गुरु राम राय जी महाराज के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है और इसी अवसर पर ऐतिहासिक श्री झण्डा जी मेला आयोजित किया जाता है।

### अपनी कृपा और करुणा सभी पर समान रूप से बरसाते हैं महाराज आध्यात्मिक गुरु

श्री झण्डा जी मेले की पूर्व संध्या पर शनिवार को दरबार श्री गुरु राम राय जी महाराज के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने संगतों को गुरु मंत्र प्रदान किया। गुरु मंत्र प्राप्त कर संगतें भावविभोर हो उठीं और स्वयं को धन्य-धन्य मानने लगीं। संगतों ने गुरु मंत्र को आत्मसात करते हुए श्री झण्डा साहिब और श्री गुरु राम राय महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने गुरु महिमा का महत्व बताते हुए कहा कि जिस प्रकार सूर्य की किरणें सभी को समान रूप से प्रकाश और ऊष्मा देती हैं, उसी प्रकार आध्यात्मिक गुरु भी अपनी कृपा और करुणा सभी पर समान रूप से बरसाते हैं। गुरु वह हैं जो हमारे अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।

### रियलमी सी 835जी अल्ट्रा ब्राइट डिस्प्ले के साथ लॉन्च

**देहरादून।** भारतीय युवाओं के सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी सी-सीरीज में रियलमी सी83 5जी का लॉन्च किया, जो लंबी बैटरी लाईफ, अल्ट्रा-स्मूथ विज्युअल और भरोसेमंद 5जी परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह स्मार्टफोन उन यूजर्स के लिए है, जो एंड्योरेंस के साथ विश्वसनीयता पसंद करते हैं। इसलिए रियलमी सी83 5जी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.एम.एच बैटरी के साथ 144 हट्‌र्ज का डिस्प्ले दिया गया है, जो 4 साल तक स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करेगा। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 के साथ शक्तिशाली 6 एन.एम 5जी परफॉर्मेंस रियलमी सी83 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 चिपसेट दिया गया है, जो एडवांस्ड 6 एनएम प्रोसेस द्वारा निर्मित है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पन्त के विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. रमोला

**■ भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ की पूण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हिमालयन अभ्युदय सामाजिक संस्थान एवं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त की पुण्यतिथि पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी निदेशक उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून डॉ सुभाष रमोला ने कहा कि पं0 गोविन्द बल्लभ पन्त के विचार आज भी प्रासंगिक हैं उनका विराट व्यक्तित्व आजादी के कालखण्ड से ही प्रेरक रहा है वास्तव में उस हिमालय पुत्र को नमन करते हुए गौरवान्वित हो रहे हैं कि उत्तराखंड के सुदूर अल्मोड़ा के खूंट से निकल कर राष्ट्रीय फलक पर उत्तराखंड का नाम रोशन किया। डॉ0 भावना डोभाल ने कहा कि पंत जी का जीवन केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, वह जनसेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति की जीवंत गाथा थे। उन्होंने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्र भारत के प्रशासनिक और भाषायी स्वरूप को भी स्थायित्व प्रदान किया। हिंदी को राजभाषा का गौरव दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान युगांतकारी है।

उन्होंने कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, भारत रत्न पं0 गोविंद बल्लभ पंत जी के द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, हिंदी भाषा के उत्थान एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में किये गये अद्वितीय योगदान को भारत सदा सर्वदा याद रखेगा। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ नरेंद्र जगुड़ी ने कहा कि देश के यशस्वी नेता के रूप में पं. गोविन्द बल्लभ पन्त को सदा याद किया जाएगा उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को महामानव के इतिहास से संकल्पित होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर गोविंद रावत, बृजमोहन खाती, कुंदन सिंह, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।




**कार्यालय-नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक, पौड़ी गढ़वाल**
पंचायत भवन, लक्ष्मणझूला, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड-249302
Email-eonpjonk@gmail.com

संख्या:- 1102/निविदा/मानव संसाधन/ 2025-26 दिनांक 05.03.2026

**ई-निविदा सूचना (E-Tendering)**

नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक, जनपद-पौडी गढ़वाल द्वारा नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक में आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी रखे जाने कार्य हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के प्राविधानों के अनुसार/संस्था/फर्म/कम्पनी/ठेकेदार का चयन किया जाना है। इस हेतु उत्तराखण्ड शासन के पोर्टल https://uktenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना निम्नलिखित विवरण के अनुसार https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा से सम्बन्धित किसी भी परिवर्तन से सम्बन्धित सूचना भी https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा कार्यवाही की तिथियों एवं समय-सारिणी निम्नवत है:-

| क्र. सं. | समय सारणी | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन प्रसारण की तिथि | दिनॉक: 05-03-2026 को 16:00 बजे से |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | दिनॉक: 05-03-2026 को 16:00 बजे से |
| 3 | निविदा ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि | दिनॉक: 05-03-2026 को 17:00 बजे से दिनॉक: 19-03-2026 को 14:00 बजे तक |
| 4 | निविदा दस्तावेज एवं निविदा शुल्क कार्यालय में दस्ती जमा करने की अन्तिम तिथि | दिनांक: 19-03-2026 को 14:00 बजे तक |
| 6 | तकनीकि निविदा खोलने की तिथि | दिनॉक: 20-03-2026 को 14:00 बजे तक |
| 7 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | TBC |
| 8 | निविदा प्रपत्र शुल्क | ₹ 25000.00 (₹ पच्चीस हजार मात्र) +18% GST |

( दीपक कुमार शर्मा )
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक, पौड़ी गढ़वाल

# टीम इंडिया तीसरी बार जीतना चाहेगी खिताब



● टी-20 विश्व कप 2026 का फाइनल मुकाबला आज अहमदाबाद में होगा, न्यूजीलैंड पहला खिताब जीत रचना चाहेगी इतिहास

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब भारत आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा, तो यह केवल क्रिकेट का एक और मैच नहीं होगा।

मैच में भारत की नजरे जीत पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड इतिहास रचना चाहेगा। भारतीय टीम ने इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में केवल जीत ही नहीं हासिल की उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर किया, जिसमें संजू सैमसन ने अपनी जिदगी की सबसे बड़ी पारी खेली केवल 42 गेंदों पर 89 रन, जो जबरदस्त स्ट्रोकप्ले और निडर इरादे से भरे थे। मध्यम क्रम में ईशान किशन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने दबाव बनाया, जिससे सेमीफाइनल रनों का पहाड़ बन गया।

इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के शानदार शतक की मदद से वापसी की, लेकिन भारत ने आखिरी दम तक हिम्मत नहीं हारी और जीत हासिल की। और यही एक चैंपियनशिप की पहचान है। लेकिन अगर भारत तेजी से आया है, तो न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।

फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट। उनके साथ, टिम सीफर्ट ने 58 रन बनाकर टेम्पो को तेज रखा, जिससे न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर में नौ विकेट बाकी रहते हुए जीत हासिल कर ली। भारत की जबरदस्त बैटिंग लाइनअप, जिसकी अगुआई ईशान किशन कर रहे हैं टीम के टॉप स्कोरर 263 रन शुरू में ही अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनके मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले ही 13 विकेट ले लिए हैं, पूरे अभियान में एक अहम हथियार रहे हैं।

## भारत ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में जीते हैं 87 % मैच

● मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड की टीमें टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के करीब पहुंच गई हैं। भारत ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है, जबकि यह दूसरा मौका है जब कीवी टीम इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 विश्व कप शुरू होने से ठीक पहले पांच मैचों की टी-20 सीरीज हुई थी।

भारत का प्रदर्शन उस सीरीज में काफी शानदार रहा था और टीम ने कीवियों को 4-1 से मात दी थी। मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। टी-20 विश्व कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका ने की। भारत ने अपने सात मैच घरेलू जमीन पर खेले, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसका मुकाबला कोलंबो में हुआ। वहीं, न्यूजीलैंड ने पांच मैच में भारत में और तीन मुकाबले श्रीलंका में खेले। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 विश्व कप का मैच खेल चुकी हैं। भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर अब तक दो मुकाबले खेले। ग्रुप चरण में टीम ने नीदरलैंड को हराया, जबकि सुपर आठ में उसे इसी मैदान पर द.अफ्रीका से हार मिली। न्यूजीलैंड की बात करें तो टीम ने अहमदाबाद में एक मुकाबला खेला। ग्रुप चरण में उसे इस मैदान पर द. अफ्रीका के हाथों सात विकेट से हार मिली थी। दोनों टीमों का टूर्नामेंट में ओवरऑल प्रदर्शन देखें तो न्यूजीलैंड ने आठ में से पांच मैच जीते, दो हारे और एक मैच उसका बारिश में धुला। वहीं, भारत ने आठ में से सात मैच जीते और एक मैच गंवाया। भारत टूर्नामेंट में एकमात्र मुकाबला द. अफ्रीका से अहमदाबाद में ही हारा था। भारत ग्रुप ए में शामिल था और उसने शुरुआती चरण में अमे. रिका, नामीबिया, पाक और नीदरलैंड को हराया। सुपर -8 में भारत को पहले मैच में द. अफ्रीका से मिली हार थी, लेकिन उनसे जिम्बाब्वे और विंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराया और लगातार दूसरी बार खिताबी मुक. ाबले में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप डी में थी। उसने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा को हराया, लेकिन द. अफ्रीका से हार गई। सुपर आठ में टीम का पहला मैच पाकिस्तान से था जो बारिश में धुल गया था। अगले मैच में कीवियों ने श्रीलंका को हराकर सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत किया। सुपर आठ के मैच में कीवियों को इंग्लैंड से हार मिली जिससे उसके अभियान को झटका लगा। उस वक्र टीम बाहर होने के कगार पर पहुंच गई थी। पाक को श्रीलंका को 147 रन तक रोकना था जिससे वह नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड को बाहर कर सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और कीवी टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर मार्टन इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** हंगरी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी मार्टन फुकसोविक्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपनी दूसरी टॉप पांचवीं जीत हासिल की और लगभग छह साल में उनकी पहली जीत है। फुकसोविक्स ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में दुनिया नंबर 5 लो. रेंजो मुसेट्टी को 7-5, 6-1 से हराया। हंगेरियन खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए इटैलियन खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन का फायदा उठाकर टॉप 10 विरोधियों के खिलाफ 4-35 का सुधार किया।

#### डालिबोर स्व्रचिना को हराकर जैनिक सिनर इंडियन वेल्स के अगले दौर में

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** इटली के स्कोर टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इंडियन वेल्स ओपन में चेक गणराज्य के डालिबोर स्व्रचिना के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करे हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। जैनिक सिनर ने अपनी पहली इंडियन वेल्स ट्रॉफी की तलाश में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्सिना को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया। 24 साल के सिनर का अगला मुकाबला डेनिस शापा. वालोव से होगा, जिन्हें उन्होंने पिछले साल के यूएस ओपन में चार सेट में हराया था। दोनों प्रोफेशनल मुकाबलों में 1-1 से बराबर हैं, जिसमें शापोवालोव ने 2021 में सिनर को पांच सेट के मुकाबले में हराया था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं मानसिक रूप अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं शांत हूं, मैं रिलैक्स हूं।

## हॉकी विश्व कप में जगह पक्की करने उतरेगी भारतीय टीम



● टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली उरुग्वे वेल्स और ऑस्ट्रिया प्रतिस्पर्धा करेंगी

**हैदराबाद, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार से शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में उरुग्वे के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले में जीत के साथ एफआईएच हॉकी महिला विश्वकप 2026 में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य को लेकर उतरेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया क्वालिफिकेशन चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट को चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं। जिसमें हर पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन हासिल करेंगे। इसके अलावा, हैदराबाद में चौथे स्थान पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को भी टूर्नामेंट में जगह मिलेगी।

टीम हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच शोर्ड मारिन के दिशा निर्देश में भी खेलेगी। भारत अभी दुनिया में नौवें स्थान पर है और इंग्लैंड के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, जो दुनिया भर में सातवें स्थान पर है। एक मजबूत टीम और घर पर खेलने के फायदे के साथ, मेजबान टीम इस मौके का पूरा फायदा उठाने और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन पक्का करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी। भारतीय टीम अपने कैंपेन की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, इसके बाद 9 मार्च और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच खेलेगी।

## इंग्लैंड, द. अफ्रीका व विंडीज टीमें चार्टर विमान से होगी स्वदेश रवाना



● इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी, जबकि विंडीज द. अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज की टीमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से हवाई यात्रा में रुकावट के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराए गए चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी।

इंग्लैंड, गुरुवार को भारत से अपना दूसरा फाइनल हारने के बाद, शनिवार शाम को मुंबई से रवाना होगा, जबकि वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका कोलकाता से एक अलग चार्टर फ्लाइट लेंगे। इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी। वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी। दोनों टीमें अभी भी इस बात की पुष्टि का इंतजार कर रही हैं कि वे ठीक कब रवाना होंगी, लेकिन माना जा रहा है कि वे रविवार को रवाना होंगे।

दक्षिण अफ्रीकी टीम के कुछ लोग, टीम मैनेजमेंट केशव महाराज, जेसन स्मिथ और जॉर्ज लिडे के साथ 15 मार्च से शुरू होने वाले सिमित ओवर्स के दौरे के लिए रविवार को न्यूजीलैंड जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज दोनों टीमें 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद से कोलकाता में हैं। दक्षिण अफ्रीका चार मार्च को पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गया था, वहीं वेस्टइंडीज एक मार्च को आखिरी सुपर आठ गेम में इंडिया से हारने के बाद से कोलकाता में है। शनिवार को, वेस्ट इंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डे 6 पोस्ट किया था, जिसमें बताया गया था कि वे अपने आखिरी मैच के बाद कितने दिन कोलकाता में फंसे रहे।

## ली शि फेंग को हराकर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचे



● यह जीत लक्ष्य सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी ली शि फेंग को सीधे गेम में हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 12वीं रैंक वाले भारतीय शटलर ने यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में शुक्रवार को एक घंटे तक चले पुरुष एकल मुकाबले में चीन के ली को 21-13, 21-16 से हराया। यह जीत सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी, जिन्हें पिछले साल के टूर्नामेंट के इसी स्टेज में ली शि फेंग ने नॉकआउट कर दिया था।

लक्ष्य ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और पहले इंटरवल में पांच पॉइंट की बढ़त के साथ एंट्री की। हालांकि ली ने रीस्टार्ट के बाद स्पीड बढ़ाई और अंतर कम करना शुरू कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने जोरदार जवाब दिया। 15-13 पर, जब ली वापसी की कोशिश कर रहे थे, तो भारतीय शटलर ने लगातार छह पॉइंट बनाकर पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम ज्यादा करीबी रहा, जिसमें मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन ली शि फेंग ने लक्ष्य की कोर्ट पर तेज समझ और टैक्टिकल खेल के सामने हिम्मत दिखाई। लक्ष्य ने गेम के बीच में केवल एक पॉइंट की बढ़त बना ली थी और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, पहले गेम की तरह ही, 24 साल के खिलाड़ी ने आखिरी समय में अपनी रफ्तार बदली। तीन पॉइंट बनाकर उन्होंने 17-13 की बढ़त बना ली, फिर मैच अपने नाम कर लिया, और 15 मैचों में ली शि फेंग पर अपनी आठवीं जीत दर्ज की। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में टॉप-10 चीनी खिलाड़ी पर लक्ष्य की दूसरी जीत है।

## एनाबेल का शतक, ऑस्ट्रेलिया को 125 रनों की बढ़त



● ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (129) और एलिस पेरी (76) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत के खिलाफ पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रनों की महत्वूपर्ण बढ़त हासिल कर ली।

आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्रा में भारतीय गेंदबाजों को विकेट से अधिक मदद नहीं मिली। 48वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एलिस पेरी को पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। एलिस पेरी ने 116 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 76 रन बनाए। इसके बाद 63वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (19) को आउट किया। अगले ही ओवर में क्रांति गौड़ ने एश्ले गार्डनर (एक) का शिकार कर लिया। 73वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने ऐनाबेल सदरलैंड को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। ऐनाबेल सदरलैंड ने 171 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 129 रनों की पारी खेली। तालिया मैक्ग्रा (13), अलाना किग (21) रन बनाकर आउट हुई। 91वें ओवर की चौथी गेंद पर सायली सातघरे ने लूसी हैमिल्टन (23) को आउट कर 323 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 125 रनों की बढ़त हासिल हुई। भारतीय महिला टीम के लिए सायली सातघरे ने चार विकेट लिए। क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले। स्नेह राणा और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। भारतीय टीम ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे।

## कुछ दिल तोड़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी : मिचेल सैंटनर

● हम इस टूर्नामेंट में काफी कंसिस्टेंट हैं क्योंकि हम कोशिश करते हैं कि स्थिति या बदलाव से घबराएं नहीं : कीवी कप्तान



**अहमदाबाद, वार्ता।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर का कहना है कि उनकी टीम को अगर सफेद गेंद विश्व. कप खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करना है, तो उन्हें 'कुछ दिल तोड़ने' में कोई दिक्कत नहीं होगी। न्यूजीलैंड इस फाइनल मुकाबले में 'दूसरे नंबर पर रहने वाले अच्छे लोग' होने का टैग हटाने की उम्मीद कर रहा है।

पिछले 11 सालों में, न्यूजीलैंड चार आईसीसी सफेद गेंद विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं, लेकिन हर बार उपविजेता रहे हैं। 2015 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2021 आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में। सैंटनर ने फाइलन मैच की पूर्व संध्या पर शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे ट्रॉफी जीतने में कोई दिक्कत नहीं होगी। हम इन टूर्नामेंट्स में काफी कंसिस्टेंट हैं क्योंकि हम कोशिश करते हैं कि स्थिति या बदलाव से घबराएं नहीं।

हम बस मैदान में उतरते हैं और अपना काम करते हैं। इस बार भी कुछ अलग नहीं रहा। सब जानते हैं कि हम फेवरेट नहीं हैं, लेकिन हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम जानते हैं कि अगर हम छोटी-छोटी चीजें अच्छे से करते हैं और टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम काफी अच्छी पोजीशन में होंगे। मुझे एक बार ट्रॉफी उठाने के लिए कुछ दिल तोड़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यह खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट वेन्यू है, जहां 90 हजार से ज़्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मोमेंटम का बहुत बड़ा रोल है। हम पिछले गेम से बहुत कॉन्फ़िडेंस ले रहे हैं। भारत भी ऐसा ही करेगा। इंग्लैंड पिछली रात जीत के बहुत करीब था, दक्षिण अफीका ने पूरे समय बहुत अच्छा क्रिकेट खेला और हमारे खिलाफ थोड़ी दिक्कत हुई। हमारे लिए, इससे कॉन्फिडेंस कम हो रहा है।

## वरुण की मिस्ट्री फीकी पड़ी, कुलदीप को मिलेगा मौका

● आज अहमदाबाद में होगा टीम इंडिया का न्यूजीलैंड टीम से फाइनल मुकाबला

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से होना है। मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले से पहले भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती की फार्म बड़ी समस्या बनकर उभरी है। वरुण चक्रवर्ती को एक 'मिस्ट्री गेंदबाज' के रूप में लोकप्रियता मिली है। उनकी लेग स्पिन को समझ पाना बल्लेबाजों के लिए कड़ी परीक्षा से कम नहीं रहा है। अपनी रहस्यमयी गेंदबाजी के दम पर आईपीएल और फिर पिछले दोसाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। टी-20 फार्मेट में आईसीसी रैंकिंग में वह पहले स्थान पर हैं। वरुण की वजह से कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन टी-20 विश्व कप में वरुण की रहस्यमयी गेंदबाजी का तोड़ संभवत: विपक्षी गेंदबाजों ने ढूंढ लिया है। वरुण ने टी-20 विश्वकप 2026 टूर्नामेंट में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं, लेकिन हाल के मैचों में उनकी गेंदबाजी का असर कम होता दिखा है। ग्रुप स्टेज में छोटी टीमों के खिलाफ वरुण चक्रवर्ती असरदार रहे थे और चार मैचों में नौ विकेट निकाले थे, लेकिन सुपर-8 में पहुंचते ही उनका करिश्मा जैसे समाप्त हो गया है। विपक्षी टीम के बल्लेबाज उनकी गेंदों को आसानी से पढ़ पा रहे हैं और बिना किसी परेशानी के उनपर बड़ी हिट लगा रहे हैं। सुपर-8 के तीन मैचों में मंहगे रहते हुए महज तीन विकेट लेने वाले वरुण के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल तो बेहद निराशा. जनक और भूलने वाला रहा। सेमीफाइनल में दाएं हाथ के इस स्पिनर ने चार ओवर में 64 रन देकर एक विकेट लिया। उनकी असरहीन गेंदबाजी की वजह से भारत का मैच फंस गया था। उसी मैच में जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 33 रन देकर टीम को संभाला। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबले में वरुण ने चार ओवर में 40 रन खर्च किए थे, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भी उन्होंने चार ओवर में 35 रन दिए थे। खैर, भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। अब देखना होगा कि पिछले चार मैचों में बिल्कुल निष्प्रभावी रहे वरुण को हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल की प्लेइंग इलेवन में बनाए रखते हैं या उनकी जगह कुलदीप यादव को मौका देते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव लगातार वरुण के मिस्ट्री स्पिन पर



भरोसा जताते रहे हैं। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि उनकी अनोखी गेंदबाजी विपक्षी बल्लेबाजों की लय बिगाड़ सकती है, खासकर न्यूजीलैंड के मिडिल ऑर्डर के खिलाफ। वरुण मिडिल ओवरों में आक्रामक गेंदबाजी करने की भूमिका निभाते हैं और जरूरत पड़ने पर पावरप्ले में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। इसके अलावा टीम मैनेजमेंट आमतौर पर जीतती हुई टीम में ज्यादा बदलाव करने से बचता है। कुलदीप यादव को मौका बेशक न मिला हो, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि वह मौजूदा समय में कलाई के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं। कुलदीप को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव है और उन्होंने अपने दम पर भारतीय टीम को जीत भी दिलाई है। इसलिए अगर उन्हें फाइनल में वरुण की जगह मौका मिलता है तो इसमें किसी को कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए।

उपलब्धि : पीसीआई नई दिल्ली के सहयोग से

# तारावती इंस्टीट्यूट में होगा उत्तराखंड फार्मा अन्वेषण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड सांइसेज रुड़की द्वारा फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम एल श्रॉफ के जन्मदिवस बनाया और श्रद्धांजलि दी गई।

संस्था निदेशक डॉ पंकज शर्मा व प्राचार्या डॉ शम्मी चड्ढा द्वारा प्रोफेसर एम एल श्रॉफ के जन्मदिवस पर देवभूमि उत्तराखंड में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के सहयोग से श्रीमती तारावती इंस्टीटयूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड सांइसेज रूड़की में 17 मार्च 2026 में फार्मा अन्वेषण देवभूमि उत्तराखंड 2026 का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम एल श्रॉफ के जन्मदिवस के अवसर पर 'फार्मा अन्वेषण देवभूमि उत्तराखंड 2026 के सूचना पुस्तिका का विमोचन किया गया।' संस्था निदेशक डॉ पंकज शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के समस्त फार्मेसी इंस्टीटयूट के बी फार्मा , डी फार्मा , एम फार्मा , फार्मा डी और फार्मा इंडस्ट्री से भी प्रतिभाग करेंगे।




फार्मा अन्वेषण के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, औरल प्रेजेंटेशन, पैनल डिस्कशन, मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें विजयी होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। पंकज शर्मा जी ने बताया 'फार्मा अन्वेषण देवभूमि उत्तराखंड 2026 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ मोंटू कुमार एम पटेल व सम्मानित अतिथि के रूप में सेंट्रल काउंसिल सदस्य पी सी आई नई दिल्ली के सदस्य डॉ शिवानंद पाटिल होंगे। फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ मोंटू कुमार एम पटेल द्वारा फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त उत्तराखंड के समस्त फॉर्मेसी इंस्टीटयूट के निदेशक व प्राचार्य के साथ चाय पर चर्चा भी की जाएंगी।

**❖फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम एल श्रॉफ के जन्मदिवस पर फार्मा अन्वेषण देवभूमि उत्तराखंड की सूचना पुस्तिका का विमोचन किया**

इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ पंकज शर्मा, प्राचार्या व कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ शम्मी चड्ढा, मीडिया प्रभारी विजय अरोड़ा, चित्रा गुप्ता, सुनीता रानी, दीपक सैनी, मोहम्मद काशिफ, दुष्यंत पुंडीर, अक्षय कुमार, दीपक कांबोज, अवि सैनी, गौरव शर्मा, निशांत अंजुम, चंदन सैनी, अजय कुमार, राधेश्याम, प्राची जिंदल उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** जनपद के पिरान कलियर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिसे मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़ा गया।

जानकारी के मुताबिक 5 मार्च को पिरान कलियर थाना क्षेत्र के रहीश कॉलोनी मुकर्बपुर निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बहन को बेड़पुर गांव निवासी नदीम पुत्र अनवर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया और पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भेजा गया।

वहीं मामले को लेकर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने टीम गठित की जिस पर पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देकर आरोपी नदीम पुत्र अनवर निवासी वार्ड नंबर-2, इरफान प्रधान वाली गली, बेड़पुर थाना पिरान कलियर जिला हरिद्वार को नहर पटरी धनौरी रोड से गिरफ्तार कर लिया।

# भगवानपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी को दबोच कर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार 5 मार्च को अमन कुमार निवासी ग्राम नन्हेडा अनन्तपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार ने कोतवाली भगवानपुर में तहरीर देकर अंकित कराया था कि दिनांक 04/05.03.2026 की मध्यरात्री में 'दीपू उर्फ विश्वजीत पुत्र राजेश उर्फ पाटिल' निवासी ग्राम नन्हेडा अनन्तपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार के द्वारा वादी के भाई मोहित के उपर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया गया है जिससे वादी का भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया है व उसका उपचार हायर सेंटर देहरादून में चल रहा है। वादी मुकदमा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर तत्काल अन्तर्गत धारा-109 (1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी हरिद्वार' द्वारा उपरोक्त फायरिंग से सम्बंधित गम्भीर घटनाक्रम का संज्ञान लेकर 'प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर' को अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित की गई पुलिस टीम द्वारा कुशल सुरागरसी पतारसी जारी रखते हुए घटना में शामिल अभियुक्त अभि0 विश्वजीत उर्फ दीपू पुत्र राजेश हाल निवासी ग्राम नन्हेड़ा अनन्तपुर संतसंग भवन थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को घटना में प्रयुक्त तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस के प्रेमराजपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



झबरेड़ा नगर पंचायत के विकास के दावों का हाल

# मुख्य बाजार का सुलभ शौचालय पड़ा है बदहाल

## दूर-दराज से आने-जाने वाले राहगीरों व व्यापारियों का भी हाल है बेहाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बे में विकास तो हो रहा है लेकिन कुछ असुविधाओं के चलते मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर उचित सुलभ शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों, ग्राहकों मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर उचित सुलभ शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों, ग्राहकों और दूर-दराज से आने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में और दूर-दराज से आने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाए शौच करने के लिए इधर-उधर भटकती देखी जा सकती है।

**❖महिलाएं भी सोच के लिए इधर-उधर भटकती हैं, उनकी सुविधा का नहीं है कोई ख्याल**

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत झबरेड़ा में विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच एक बुनियादी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। कस्बे के खरीदारी के लिए आने वाली महिलाओं के लिए स्थिति सबसे अधिक कष्टदायक है। शौचालय की उचित सुविधा न होने के कारण उन्हें घंटों परेशान होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि कस्बे का विस्तार तो हो रहा है, लेकिन मूलभूत नागरिक सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। राहुल, प्रदीप, कुलदीप, बीरम सिंह, विनोद ,सुलेमान, अक्षय ,चरण सिंह, अमित,सोनू, अकरम सुलेमान आदि का कहना है कि बाहर से आने वाले ग्राहकों को शौचालय के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।



कस्बे के बस अड्डे के पास मात्र एक ही सुलभ शौचालय है जिस पर पूरे कस्बे व राहगीरों के जाने से यह गंदगी से भरा रहता है। अधिक गंदगी होने के कारण जिसमें खड़ा तक नहीं हुआ जाता। कई बार नगर पंचायत से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। झबरेड़ा कस्बा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है, जहाँ आसपास के दर्जनों गांवों के लोग आते हैं। यहाँ एक आधुनिक सुलभ शौचालय का होना अनिवार्य है ताकि जनता को स्वच्छता अभियान का असली लाभ मिल सके। एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय और सार्वजनिक स्वच्छता पर जोर दे रही है।

वहीं झबरेड़ा जैसे महत्वपूर्ण कस्बे में इस सुविधा का अभाव प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। इसीलिए लोगो में भारी रोष व्याप्त है। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत का कहना है कि कस्बे के बाजार या आस-पास कोई सरकारी भूमि नहीं है जिसमें हम शौचालय का निर्माण कर सकें। परंतु नगर पंचायत जल्द ही पुराने शौचालय का पुन: निर्माण करा कर उसको बड़ा आकार देगी जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# खानपुर पुलिस ने एक घंटे में ढूंढ निकाला ड्यूटी से लापता व्यक्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**खानपुर।** ड्यूटी खत्म होने के बाद अचानक लापता हुए एक व्यक्ति की तलाश में परेशान परिवार के लिए उस समय राहत भरी खबर आई जब खानपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज एक घंटे के भीतर गुमशुदा व्यक्ति को खोज निकाला। बेहोशी की हालत में खेत से बरामद किए गए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने के बाद सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस संवेदनशील और तेज कार्रवाई की परिजनों ने जमकर सराहना की।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात ग्राम मोहम्मदपुर, कोतवाली खानपुर निवासी हर्षित चौकी गोवर्धनपुर पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसके पिता प्रमोद (45 वर्ष) सुबह लक्सर स्थित शुगर मिल में काम करने गए थे, लेकिन शाम करीब 6 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है। परिवार के लोगों ने अपने स्तर पर कई जगह तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला। हर्षित ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके पिता पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं और दवाइयां ले रहे हैं, जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली खानपुर पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के साथ-साथ मैनुअल पुलिसिंग के माध्यम से गुमशुदा की तलाश शुरू कर दी। लगातार प्रयास और सघन खोजबीन के बाद करीब एक घंटे के भीतर पुलिस ने प्रमोद को करनपुर रोड स्थित एक खेत से बेहोशी की हालत में बरामद कर लिया। पुलिस ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया। होश में आने के बाद प्रमोद को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

उत्तराखंड हज कमेटी चेयरमैन ने हज कमेटी आफ इंडिया को लिखा पत्र

# हज यात्राओं की किचन सुविधा बहाल की जाए : खतीब

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** हज यात्रा के दौरान सऊदी अरब में अजीजिया बिल्डिंगों में किचन की सुविधा बंद किए जाने से हज यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई को पत्र भेजकर पहले की तरह किचन सुविधा बहाल करने या हज यात्रियों के लिए उचित कैटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। हज यात्रा 2026 के लिए सऊदी अरब सरकार की ओर से सुरक्षा कारणों को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। आग लगने के खतरे को ध्यान में रखते हुए इस बार मक्का की अजीजिया रिहायशी इमारतों में हज यात्रियों के लिए किचन की सुविधा पूरी तरह बंद कर दी गई है। इसके चलते अब यात्रियों को स्वयं खाना बनाने की अनुमति नही होगी और उन्हें बाहर से कैटरिंग के माध्यम से भोजन लेना होगा।

**❖ भारत से जाने वाले हज यात्रियों को अजीजिया की इमारतों में मिलती थी किचन की सुविधा**



हज समिति के ईओ मो. आरिफ ने जानकारी देते हुए बताया कि हज यात्रियों की परेशानी को देखते हुए राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्षों में भारत से जाने वाले हज यात्रियों को अजीजिया की इमारतों में किचन की सुविधा मिलती थी जिससे यात्री अपनी इच्छा और स्वास्थ्य के अनुसार स्वयं भोजन बना लेते थे। कई यात्री अपने साथ खाने-पीने का सामान भी ले जाते थे और जरूरत के अनुसार खुद भोजन तैयार कर लेते थे। इससे उन्हें अपनी सेहत और पसंद के अनुसार भोजन करने में सुविधा रहती थी।लेकिन वर्ष 2026 में अजीजिया बिल्डिंगों में किचन सुविधा पर रोक लगाए जाने के कारण यात्रियों को बाहर से भोजन की व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ेगा जिससे उन्हें असुविधा के साथ अतिरिक्त खर्च का भी सामना करना पड़ सकता है।उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने हज कमेटी ऑफ इंडिया से मांग की है कि हज यात्रियों की आयु और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पहले की तरह किचन सुविधा उपलब्ध कराई जाए या फिर उनके लिए उचित कैटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि हज यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि समय रहते उचित व्यवस्था किए जाने पर हज यात्रियों को काफी राहत मिल सकती है।

**पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक पकड़ा : लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से उसे समय रहते पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान आकाश गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता के रूप में हुई है।

# बोर्ड पेपर देकर लौट रहे छात्रों से मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** राजीव गांधी नवोदय विधालय शिकारपुर से बोर्ड परीक्षा का अंतिम पेपर देकर लौट रहे दो छात्रों के साथ छात्रों के एक गुट ने मारपीट कर दी अन्य छात्रों व लोगों को आता देख छात्रों का गुट पिडित छात्रों को दोबारा देख लेने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए भागने वालों में एक छात्र बाइक छोड़ गया। जिसे पुलिस को सौंप कर पिडित ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार लंढौरा के मोहल्ला गुर्जरवाड़ा निवासी आर्यन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लंढौरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज का कक्षा 10 का छात्र है। शनिवार को वह राजीव गांधी नवोदय विधालय से बोर्ड परीक्षा का अंतिम पेपर देकर अपने एक दोस्त के साथ घर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में खड़े तीन लड़के उन्हें रोककर गाली गलौच करने लगे विरोध करने पर तीनों लड़को बेल्ट व लात घूंसों से मारने पिटने लगे। आरोप है कि छात्रों व लोगों को आते देख तीनों आर्यन व उसके सहपाठी को भविष्य में देख लेने की धमकी देते हुए भाग गए भागते छात्रों में एक अपनी मोटरसाइकिल भी छोड़ गया है। आरोप यह भी है जब पिडित छात्र बाइक को पुलिस के पास ला रहे थे। तो रास्ते में लंढौरा निवासी एक युवक ने दोनों छात्रों को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने बताया कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गृहमंत्री से मिलने जा रहे सुराज सेवादल कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मंगलौर में रोका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** हरिद्वार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के दौरान सुराज सेवा दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उन्हें ज्ञापन देने के लिए हरिद्वार की ओर रवाना हुए तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें मंगलौर में ही रोक लिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद मौके पर कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।

सुराज सेवा दल प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद इन्तेजार का कहना है कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से सवालों के घेरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड, प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार और अवैध खनन जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार और उसके प्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं। इन तमाम मामलों को लेकर वे गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन देकर हस्तक्षेप की मांग करना चाहते थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें हरिद्वार जाने से पहले ही मंगलौर में रोक दिया। प्रशासन के साथ



काफी गम गने के बाद सुराज सेवा दल के पदाधिकारियों ने गृहमंत्री अमित शाह के नाम एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांग और ज्ञापन को गृहमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा।

# मुकरपुर के किसान के बेटे का यूकेपीएससी में चयन होने पर कलियर विधायक ने दी बधाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत कलियर के मुकर्रबपुर निवासी किसान इब्दुर्रहमान के पुत्र मो. शोएब ने उत्तराखंड लोकसेवा आयोग ( यूकेपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन फोरेंसिक विभाग के नारकोटिक्स एंड साइकोट्रोपिक्स अनुभाग में ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से नगर और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिणाम घोषित होते ही रिश्तेदार और स्थानीय लोग उन्हें बधाई देने उनके घर पहुंचने लगे।मुकर्रबपुर निवासी मो. शोएब एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता इबदुर्रहमान खेती करते हैं। मो. शोएब ने आईआईटी रुड़की से एमटेक करने के बाद वहीं पर केमिस्ट्री विभाग से पीएचडी कर रहे हैं। पीएचडी के साथ-साथ उन्होंने यूकेपीएससी परीक्षा की तैयारी भी जारी रखी। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने यह सफलता हासिल की। मो. शोएब ने बताया कि इससे पहले वे गेट और सीएसआईआर-नेट जेआरएफ परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं जिसके आधार पर उनका चयन आईआईटी रुड़की के केमिस्ट्री विभाग में हुआ था। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक विभाग के नारकोटिक्स एंड साइकोट्रोपिक्स अनुभाग में केवल एक सामान्य और एक ईडब्ल्यूएस सीट थी जिसमें सामान्य श्रेणी में उनका चयन हुआ है।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और आईआईटी के प्रोफेसरों को दिया है।



वहीं कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने मो शोएब के घर जाकर उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान चेयरमैन समीना, सलीम अहमद, सभासद जावेद साबरी, तसलीम पप्पू पीरजी ,शफक्कत चेयरमैन ,अकरम प्रधान, सभासद राशिद, तुफैल अहमद, एडवोकेट शादाब, रईस अहमद, इसरार शरीफ, नाजिम त्यागी, डॉ. यूनुस, शफीक मलिक, एडवोकेट सहजाद, रोशन सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों बधाई दी।



रांची। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी बढ़ती ऊर्जा लागत के मद्देनजर घरेलू एलपीजी व व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में 60 रुपये व 114.5 रुपये की भारी वृद्धि के बीच एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए कतार में खड़े लोग।

## किसी अन्य देश पर भी हमला कर सकते हैं ट्रम्पः पूर्व डब्ल्यूपीएफ महासचिव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच वर्ल्ड पीस फोरम (डब्ल्यूपीएफ) के पूर्व महासचिव एन श्वेतोंग ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के तहत भविष्य में अन्य देशों के साथ भी संघर्ष की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। श्वेतोंग ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि हाल की घटनाएं वैश्विक राजनीति में एक चिंताजनक पैटर्न की ओर संकेत करती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी संभावित अमेरिकी हमले से बचाव के लिए किसी बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं रह सकता।

# एपस्टीन फाइलः ट्रम्प पर नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

### नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। तब वे नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे। एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे।

शुरुआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से 'डुप्लीकेट' मानकर रोक दिया गया था। बाद में रिव्यू किया तो यह बात गलत निकली। अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है। उनका आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटार्नी जनरल पाम बान्डी को नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा। ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में एफबीआई ने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डाक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्म ने उसका यौन-शोषण किया था। एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयार्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रम्प से मिलवाया था। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए धमकी भरे कई फोन काल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये काल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे। एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकार्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। एपस्टीन फाइल्स में अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं। ट्रम्प ने एपस्टीन से जुड़े सभी आरोपों में किसी भी गलत काम से इनकार किया है. पहले न्याय विभाग ने भी कहा था कि जारी किए गए कुछ डाक्यूमेंट में ट्रम्प के खिलाफ 'झूठे और सनसनीखेज दावे' हैं। वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रम्प सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने एपस्टीन जांच से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियों को छिपाने की कोशिश की, जो ट्रम्प के लिए नुकसानदेह हो सकती थीं।



- **ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे, एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे**
- **अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है**

## संक्षिप्त समाचार

**दुबई में एमिरेट्स एयरलाइंस की सभी उड़ानें निलंबित**

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेट्स ने शनिवार को दुबई से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को अगले आदेश तक निलंबित करने की घोषणा की । एयरलाइन ने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए यात्रियों को हवाई अड्डे पर न आने की सलाह देते हुए कहा है कि जिन यात्रियों की बुकिंग 28 फरवरी से 31 मार्च के बीच है, वे अपनी यात्रा को 30 अप्रैल तक के लिए पुनः बुक कर सकते हैं या रिफंड का अनुरोध कर सकते हैं।

**अमेरिका ने इजरायल को 12000 बम बेचने की मंजूरी दी**

वॉशिंगटन। अमेरिका ने इजरायल को 12000 हवाई बमों सहित हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस सौदे की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15-18 करोड़ डॉलर है। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि इजरायल ने 1000 पाउंड क्षमता वाले 12000 बम खरीदने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि यह इन रक्षा सामग्रियों का सौदा अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है। इस कारण इस संबंध में बने कानून की एक धारा 36(बी) के तहत आवश्यक कांग्रेस समीक्षा प्रक्रिया को भी दरकिनार किया गया।

# ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान!

### पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री के बीच हुई बड़ी बैठक के बाद अटकलें जारी

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका -इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब सीधे निशाने पर है। खाड़ी के इस देश के आयल फील्ड और एयरपोर्ट पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसी बीच रियाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान की अहम बैठक हुई। बैठक में ईरान के हालिया हमलों और उन्हें रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। सऊदी रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि बैठक संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत हुई और इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया। हाल के दिनों में ईरान ने सऊदी अरब के शायबा आयल फील्ड को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि दो बैलिस्टिक मिसाइलें प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास नष्ट की गईं। यह क्षेत्र यूएई की सीमा के पास स्थित है और पिछले हमलों के बाद अब ईरान सीधे इसमें शामिल हो रहा है। ईरान और सऊदी अरब के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका अहम हो गई है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संसद में खुलासा करते हुए कहा कि हाल के दिनों में ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमलों में कमी या प्रतिक्रिया न देने के पीछे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल रही है। यह खुलासा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति को और जटिल बना देता है। इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान का सऊदी अरब के साथ एक रणनीतिक रक्षा समझौता है। जब ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव बढ़ा, तो पाकिस्तान ने तत्काल ईरान से संपर्क किया। पाकिस्तान ने ईरान को इस रक्षा समझौते के बारे में आगाह किया और आश्वासन मांगा कि सऊदी अरब की जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान ने ईरान को यह आश्वासन भी प्रदान किया। इस कूटनीतिक प्रयास ने तत्काल टकराव को टालने में मदद की। अब तक चल रहे संघर्ष में खाड़ी देशों ने सीधे टकराव से खुद को दूर रखा था और अमेरिका ने भी इन देशों की जमीन का इस्तेमाल अपने हमलों के लिए नहीं किया था। हालांकि, अगर ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमले जारी रहते हैं और सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता सक्रिय हो जाता है, तो स्थिति पूरी तरह से बदल सकती है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब की ओर से ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई में शामिल होता है, तो यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। यह सीधे तौर पर दक्षिण एशिया में भी फैल जाएगा, क्योंकि पाकिस्तान और ईरान के बीच एक लंबी सीमा लगती है। वहीं न्यूयार्क में एक पाकिस्तानी व्यक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इस व्यक्ति के संबंध ईरान से हैं। उसने यह साजिश ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए रची थी। सुलेमानी की मौत साल 2020 में एक अमेरिकी हमले में हुई थी। मामले में 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रुकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटार्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रम्प को मारने के इरादे से अमेरिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रम्प के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रम्प ही थे। मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था। जून में वह कुछ लोगों से मिला जिन्हें वह हत्यारा समझ रहा था। असल में वे न्यूयॉर्क पुलिस के अंडरकवर अधिकारी थे। जुलाई 2024 में देश छोड़ने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पामेला बोंडी ने कहा कि यह आदमी ट्रम्प को मारने की उम्मीद में आया था, लेकिन उसका सामना अमेरिकी कानून की ताकत से हुआ।



**ट्रम्प की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार, ईरान के कहने पर बनाया था प्लान**

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सेना की कार्रवाई, 15 ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 15 विद्रोही को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ये ऑपरेशन खुफिया जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को किए गए थे। पहला ऑपरेशन हरनाई जिले में हुआ। यहां सेना ने खवारिज के ठिकाने पर हमला किया। भीषण मुठभेड़ के बाद 12 विद्रोही मारे गए। पाकिस्तान सरकार ने साल 2024 में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल-खवारिज' नाम दिया है। यह नाम इतिहास के एक हिंसक समूह के संदर्भ में रखा गया है। दूसरा ऑपरेशन बसिमा जिले में चलाया गया। यहां सेना ने आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाया और उन पर हमला किया। इस जोरदार गोलीबारी में तीन और आतंकवादी ढेर हो गए।

## अमेरिकी-इजरायली हमलों में कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौतः ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के संयुक्त राष्ट्र में स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा है कि अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों में अब तक कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हुए हैं। इरावानी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हुई है और 20 से अधिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान में नागरिकों और नागरिक अवसंरचनाओं को जानबूझकर निशाना बनाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे अपने सैन्य अभियानों में किसी भी तरह का संयम नहीं बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी शहरों पर अंधाधुंध हमले किए जा रहे हैं और घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण नागरिक ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार इस तरह का युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। इरावानी ने कहा कि अब तक देश में 13 स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले किए गए हैं। गुरुवार को तेहरान और अन्य शहरों में कुछ खेल और मनोरंजन स्थलों को भी निशाना बनाया गया, जिसमें 18 महिला खिलाड़ियों की मौत हो गई, जबकि लगभग 100 अन्य घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन हमलों का उद्देश्य नागरिकों में भय पैदा करना और अधिकतम विनाश करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इजरायल का यह दावा निराधार है कि उनके हमले केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करता रहेगा और उसकी सैन्य प्रतिक्रिया 'कानूनी, आवश्यक और अनुपातिक' है तथा केवल हमलावर पक्ष के सैन्य लक्ष्यों को ही निशाना बनाती है। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता लेकिन वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा और अपने लोगों, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

**देशभर में 180 से अधिक बच्चों की भी मौत हुई है**

## चीन ने पीला सागर में विमान मुठभेड़ पर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को खारिज किया

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को पीला सागर के ऊपर विमानों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। चीन ने ऑस्ट्रेलिया के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने पर आपत्ति जताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई युद्धपोत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने के बहाने पीला सागर और पूर्वी चीन सागर में चीन के खिलाफ निकट-सीमा टोह के लिए बार-बार नौसैनिक हेलीकॉप्टर भेजे।

## ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की अमेरिका को धमकी

**तेहरान।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) ने अमेरिकी नौसेना को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि वे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे हैं।

आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने शनिवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनका बल अमेरिकी नौसेना की किसी भी उपस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। यह बयान अमेरिकी ऊर्जा सचिव की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा घेरा प्रदान करने की तैयारी कर रही है। फॉर्स समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरानी प्रवक्ता नैनी ने अमेरिकियों को कोई भी निर्णय लेने से पहले 1987 की उस घटना की याद दिलाई, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की बिछाई गई सुरंगों के कारण अमेरिकी सुपरटैंकर 'ब्रिजटन' में आग लग गई थी। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रवक्ता ने हाल ही में तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिका को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे**

# खाड़ी देशों पर हमलों के बीच ईरान ने मांगी माफी

### हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा

**दुबई/रियाद।** खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण तनाव के बीच शनिवार को सऊदी अरब, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान की ओर से ताजा ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। दूसरी ओर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी।

इन हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा। दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही। इसके कारण क्षेत्र की प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेटस ने विमान संचालन को रोकने का फैसला किया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने भी एक बैलिस्टिक मिसाइल हमले को विफल करने की पुष्टि की है, जिसके बाद दोहा में सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी गई। इसे देखते हुए कतर एयरवेज ने कहा है कि वह कल लंदन, पेरिस, मैड्रिड, रोम, फ्रैंकफर्ट और बैंकॉक से दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट्स ऑपरेट करने का योजना बना रहा है। उसने कहा कि यह फ़ैसला कतर विमानन प्राधिकरण से अस्थाई अनुमति मिलने के बाद लिया गया। वहीं बहरीन की सेना ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक उसने 86 मिसाइलों और 148 ड्रोनों को मार गिराया है। सऊदी अरब ने भी अपने विशाल 'शयबाह' तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे 16 ड्रोनों को शनिवार तड़के नष्ट करने का दावा किया है। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सरकारी टेलीविजन पर एक संबोधन में पड़ोसी देशों पर हुए हमलों के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगते हुए इसे एक असामान्य मोड़ दे दिया है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करना चाहता और भविष्य में तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक ईरान पर उन देशों की जमीन से हमला न हो। राष्ट्रपति ने खाड़ी देशों से 'साम्राज्यवाद' के हाथों की कठपुतली न बनने की अपील की, हालांकि उनके इस बयान के बाद भी क्षेत्र में हवाई हमले और जवाबी कार्रवाई जारी रही।



**दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही**

## अब पड़ोसी देशों पर हमला नहीं करेगा ईरानः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगते हुए कहा है कि अब ईरान उन देशों पर हमला नहीं करेगा। पेजेशकियान ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे लगता है कि उन पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगना जरूरी है जिन पर हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी देशों पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। हम शांति और सुकून कायम करने के लिए इलाके में सहयोग की अपील करते हैं। पेजेशकियन ने कहा कि सैन्य बलों को एक आदेश दिया गया है। अब से, पड़ोसी देशों पर तब तक हमला न करें जब तक कि उन पर पहले हमला न हो।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा हैः रूसी उप विदेश मंत्री

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा है कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता बढ़ाने का विकल्प तैयार रख रहा है। रयाबकोव ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयानों से संकेत मिलता है कि अमेरिका इस क्षेत्र में पूरी आजादी बनाये रखना चाहता है। वे अपने पास कई विकल्प रख रहे हैं, जिसमें संभवतः परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। इसे इस तरह पेश किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के पहले आदेश पर इन विकल्पों को फौरन सक्रिय किया जा सके। गौरतलब है कि रूस-अमेरिका के बीच हुई 'न्यू स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी' (न्यू स्टार्ट) की मियाद पांच फरवरी को खत्म हो गई थी। पिछले साल सितंबर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की थी कि रूस एक साल और 'न्यू स्टार्ट' के प्रतिबंधों का पालन करने को तैयार है और उन्होंने सुझाव दिया था कि अमेरिका को भी ऐसा ही करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन के प्रस्ताव को अच्छा विचार बताया था। हालांकि चार फरवरी को रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब संधि के पक्षकार किसी भी दायित्व या घोषणा से बंधे नहीं हैं।

# इमरान की पार्टी के 47 नेताओं-कार्यकर्ताओं को जेल

### रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत का फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत ने शनिवार को सुनाया।

अदालत ने इन सभी लोगों को मई 2023 में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के मामले में दोषी पाया। दरअसल, 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक हो गए थे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। रावलपिंडी में प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सेना मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश भी की थी। इस दौरान कई सरकारी इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया था। इस मामले में पुलिस ने रावलपिंडी के आरए बाजार पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया था। आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने आगजनी, तोड़फोड़, पुलिस पर हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही सेना के संग्रहालय, हमजा कैंप और मेट्रो स्टेशन को भी नुकसान पहुंचाया गया था। आतंकवाद निरोधक अदालत के जज अमजद अली शाह ने इन 47 लोगों को अदालत में पेश न होने के कारण पहले ही घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। अदालत ने उन्हें अनुपस्थिति में ही दोषी ठहराते हुए 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अगर जुर्माना नहीं दिया गया तो अतिरिक्त जेल की सजा भी भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा दोषियों की चल और अचल संपत्ति जब्त करने का आदेश भी दिया गया है। सजा पाने वालों में पीटीआई के कई बड़े नेता शामिल हैं, जैसे उमर अयूब खान, शिबली फराज, शाहबाज गिल, जुल्फी बुखारी, मुराद सईद, जरताज गुल और हम्माद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

अदालत के फैसले में कहा गया कि संयुक्त जांच दल (जेआईटी) की जांच में इन लोगों की भूमिका हिंसक प्रदर्शन की योजना बनाने में सामने आई थी। इसलिए इन्हें आतंकवाद निरोधक कानून के तहत दोषी माना गया। यह मामला 9 मई 2023 को हुए सेना मुख्यालय हमले से जुड़ा है। इस पूरे केस में कुल 118 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी का नाम भी शामिल है। इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।





**9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे**

## प्रिंस खालिद ने ईरान को दी 'गलतफहमी' से बचने की चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने देश के सैन्य ठिकानों और तेल केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद ईरान को 'गलतफहमी और गलत आकलन' से बचने की कड़ी चेतावनी दी है।

सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों की मौजूदगी वाले एक एयर बेस और एक प्रमुख तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजधानी रियाद के दक्षिण-पूर्व स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से पुष्टि की है कि इसी एयर बेस पर एक और मिसाइल हमला हुआ, जिसे भी विफल कर दिया गया। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात की सीमा के पास स्थित शयबाह तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए कई ड्रोन हमलों और रियाद के पूर्व में एक अन्य ड्रोन हमले को भी सेना ने नाकाम कर दिया है। दुनिया के शीर्ष तेल निर्यातक देश सऊदी अरब ने इस सप्ताह की शुरुआत में भी रास तनुरा रिफाइनरी पर कम से कम दो ड्रोन हमलों की सूचना दी थी। प्रिंस खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरानी पक्ष बुद्धिमानी से काम लेगा और ऐसी हरकतों से बचेगा, जो क्षेत्र को और अधिक अस्थिरता की ओर धकेल सकती हैं।

# धुरंधर 2 में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक



**मुंबई।** धुरंधर द रिवेंज यानी धुरंधर 2 का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। जहां लोग एक बार फिर से खूनी एक्शन से सरावोर कहानी देख चहक उठे हैं तो वहीं कुछ लोगों को रणवीर सिंह के किरदार हमजा अली मजारी के अतीत की झलक न देखने को लेकर निराशा हुई है। ट्रेलर में कई अहम राज भी खुले हैं साथ है फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन भी बंदूक ताने दिख रही हैं। पहले पार्ट धुरंधर में सारा अर्जुन का किरदार यालिना जमाल कहानी में इश्क का रंग घोलता दिखा था और धुरंधर 2 में हाथ में बंदूक थामे दिख रही हैं।

सारा अर्जुन महज 20 साल की हैं और उन्होंने धुरंधर में अपनी उम्र से 20 साल बड़े हीरो रणवीर सिंह संग इश्क लड़ाया था, लेकिन पर्दे पर बनी यह जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी और दोनों को खूब प्यार भी मिला था। धु. रंधर में सारा ने यालिना जमाल के किरदार में कम समय स्क्रीन पर रहकर ही लोगों का दिल जीत लिया था। धुरंधर फिल्म की कहानी में इश्क का रंग भरने वाली यालिना की आंखों में मोहब्बत की चमक देखने को मिली थी। लेकिन अब धुरंधर 2 के ट्रेलर में यालिना की आंखों में तेवर और हाथों में बंदूक दिख रही है। माना जा रहा है कि ट्रेलर में दिखाया ए कहानी में अहम मोड़ का हिस्सा हो सकता है।

पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।



# धुरंधर के बाद सोलो लीड फिल्म में काम करेंगे अर्जुन रामपाल

**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म धु. रंधर की ज़बरदस्त सफलता के बाद अर्जुन रामपाल एक दमदार सोलो लीड के साथ फिर से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह नई, अभी अनटाइटल्ड फैमिली ड्रामा फिल्म मनोरंजन के साथ एक मजबूत सामा. जिक संदेश भी लेकर आती है। कहानी जीवन की सादगी, अपनी जड़ों से जुड़ाव और उन रिश्तों का जश्न मनाती है जो सच में मायने रखते हैं।

यहां कोई घिसा-पिटा मसाला नहीं, बल्कि दिल को छू लेने वाली, अपनेपन से भरी और पूरे परिवार के साथ देखने लायक कहानी है, जो हमें अपनी विरासत और अपनों की कद्र करना याद दिलाती है। यह फिल्म अर्जुन रामपाल और लेखक-निर्देशक शैलेश वर्मा की पहली साथ काम करने वाली फिल्म है। इसे पारस सॉफ्टवेयर एंड एंटरटेनमेंट और वेमो मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म अगस्त 2026 के मध्य में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने की तैयारी में है। वेमो के एमडी डॉ. विकास कुमार मोदी और शैलेश वर्मा इस साल तीन ऐसी फिल्मों की लाइनअप लेकर आ रहे हैं जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली और मजबूत मूल्यों पर आधारित होंगी।

# जैस्मीन अख्तर और डॉ. जियूस ने नए पंजाबी ट्रैक व्हिप के साथ मचाया धमाल



**मुंबई।** जैस्मीन अख्तर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक व्हिप रिलीज़ किया है, जो मशहूर म्यूज़िक प्रोड्यूसर डॉ. ज़ियूस के साथ एक हाई-एनर्जी कोलेबोरेशन है। एटीट्यूड, बोल्ड विजुअल्स और पावरफुल बीट्स से भरा यह नया गाना पंजाबी म्यूज़िक लवर्स के बीच पहले से ही एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है।

म्यूज़िक वीडियो कनाडा में शूट किया गया है, जो ट्रैक में एक वाइब्रेंट बैकग्राउंड जोड़ता है। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर बीट्स और तेजी नभेला के लिखे लिरिक्स के साथ, व्हिप कंटेंपररी पंजाबी म्यूज़िक को एक शानदार विजुअल कॉन्सेप्ट के साथ मिलाता है जो ग्लैमर और एनर्जी दोनों को हाईलाइट करता है। रिलीज़ के बारे में बात करते हुए, जैस्मीन अख्तर ने डॉ. ज़ियूस के साथ एक बार फिर कोलेबोरेट करने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और अपने पिछले ट्रैक के लिए मिले प्यार को याद किया। जैस्मीन अख्तर ने कहा, डॉ. ज़ियूस के साथ काम करना हमेशा से एक शानदार अनुभव रहा है। हमारे पिछले गाने आह मेरे लक्क ने को सुनने वालों से बहुत प्यार मिला था, और इस तरह का रिस्पॉन्स आपको हमेशा और कुछ बनाने के लिए मोटिवेट करता है। व्हिप के साथ, हमने कुछ बोल्ड और एनर्जी से भरपूर लाने की कोशिश की है। मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शक इस नए ट्रैक पर भी उतना ही प्यार बरसाएंगे। पंजाबी म्यूज़िक सीन में अपनी दमदार आवाज़ और पॉपुलैरिटी के लिए जानी जाने वाली, जैस्मीन अख्तर नए साउंड और डायनामिक विजुअल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर म्यूज़िक और तेजी नभेला के कैची लिरिक्स के साथ, व्हिप एक ऐसा ट्रैक होने का वादा करता है जो फैंस के साथ मजबूती से जुड़ेगा। यह गाना अब बड़े स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# कुब्रा ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से सीखा अभिनय



**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से अभिनय के गुर सीखे। प्रकाश झा निर्देशित अपने आगामी प्रोजेक्ट संकल्प के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, कुब्रा सैत ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को न सिर्फ बेहद खास, बल्कि उन्हें अद्वितीय कहते हुए उन्हें बेहद प्रेरणादायक भी बताया। कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं।

उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है। उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है। कुब्रा की बातों से यह भी साफ झलकता है कि नाना पाटेकर अपने किरदारों के लिए कितनी गहराई से तैयारी करते हैं। दशकों से अपने दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले नाना पाटेकर आज भी अपनी अनुशासन और काम के प्रति गंभीरता से नई पीढ़ी के कलाक. ारों को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही कुब्रा सैत की इस दिल से की गई तारीफ ने यह भी दिखाया कि संकल्प के सेट पर काम का माहौल बेहद सहयोगी और सीखने वाला था, जहां कलाकार एक-दूसरे से लगातार कुछ नया सीख रहे थे। अब जब संकल्प को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ चुकी है, तो ऐसे में कुब्रा के यह शब्द इस प्रोजेक्ट के पीछे लगी मेहनत, समर्पण और जुनून की एक झलक भी पेश कर रहे हैं।

> **नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं, उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है, उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है।**
> -कुब्रा सैत

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# विद्या बालन को अपना हीरो मानती हैं तापसी पन्नू

## विद्या ने महिला कलाकारों को भूमिका दिलाने में निभाया अहम रॉल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू, विद्या बालन को अपना हीरो मानती है। हाल ही में तापसी पन्नू ने बताया कि हिंदी सिनेमा में अपने करियर को लेकर उनकी सोच पर विद्या बालन का कितना गहरा प्रभाव रहा है। तापसी ने कहा कि वह विद्या को अपना हीरो मानती हैं, क्योंकि उनकी फिल्मों ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि इंडस्ट्री में महिला कलाकार भी लंबे समय तक मजबूत और दमदार भूमिकाओं के साथ आगे बढ़ सकती हैं। तापसी पन्नू ने कहा, विद्या मेरी हीरो हैं, क्योंकि उन्होंने मेरे करियर को देखने का पूरा तरीका बदल दिया। उन्होंने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी ऐसा कर सकती हूं। यकीन मानिए अगर उनकी द डर्टी पिक्चर और कहानी जैसी फिल्में नहीं बनी होती, तो शायद मेरे जैसे कलाकारों को इंडस्ट्री में आगे बढ़ते रहने का साहस ही नहीं मिलता। इन्ही फिल्मों ने मेरे करियर की शेल्फ लाइफ को लेकर मेरा नजरिया बदल दिया, क्योंकि यह फिल्में तब रिलीज हुई, जब मैं हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी। इन फिल्मों की सफलता ने मुझे यह भरोसा दिलाया कि अभिनेत्रियां भी कंटेंट-ड्रिवन और मजबूत कहानियों वाली फिल्मों को अपने दम पर आगे बढ़ा सकती हैं।



